

प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास नेतृत्व में अब भी बाधाएं - 12




कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत - 12



राष्ट्रीय मुर्मू ने कहा कि अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं - 13



पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने विश्व कप से पहले धूम मचाई - 14

आज का मौसम
$36.0^0$ अधिकतम तापमान
$21.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.25
सूर्यास्त 06.14


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 197, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# भारत तीसरी बार विश्व चैंपियन

## पहली बार मेजबान टीम ने खिताब जीता, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

- जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के 15 रन पर चार विकेट चटकाए

अहमदाबाद, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर तीसरी बार खिताब जीत लिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान टीम ने खिताब जीता हो। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 256 रन का लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर ही आलआउट हो गई और उसे 96 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी मैच में फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैच विनर' साबित हो रहे संजू सैमसन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को पांच विकेट पर रिकॉर्ड 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे अधिक रन टिम सिफर्ट ने 52 रन बनाए।

इससे पूर्व ईशान किशन ने 25 गेंद में 54 और शिवम दुबे ने आठ गेंद में नाबाद 26 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया।




गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

उन्होंने रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं कश्मीर से कन्याकुमारी तक आलोचकों के कोपभाजन बने अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में वह चूक गए। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाये। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिये और एक विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में अभिषेक ने फर्ग्यूसन और हेनरी को छक्के लगाये।

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

### कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप?

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

### ये रहे टॉप स्कोरर

| | | | |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 रन | 8 छक्के | 5 चौके |
| ईशान किशन | 54 रन | 4 छक्के | 4 चौके |
| अभिषेक | 52 रन | 3 छक्के | 6 चौके |

### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7 .2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

## ब्रीफ न्यूज

### एआई 10 से 18 तक नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने बताया कि कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

### पुलिस ने विदेशों से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का किया भंडाफोड़

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और यूएई के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था।

# 5000 महिलाओं को रोजगार प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ रुपये की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।



लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते सीएम योगी।

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

- पहले चरण में स्नातक व परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी थी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, हंगामेदार रहने के आसार

- विपक्ष की लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने की मांग पर होगी चर्चा
- तेल खरीद पर अमेरिका छूट व अन्य मुद्दों पर हमलावर रहेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी नेताओं द्वारा लाया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। उन्होंने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ कुछ झूठे दावे कर प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया था। बिरला ने नोटिस प्रस्तुत किए जाने की तारीख से सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था, लोकसभा सचिवालय ने कहा था कि वह एजेंडा के निपटारे के बाद ही लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि वह सभी सांसदों को साथ लेकर चले हैं।



**बदलाव** राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, ऐतिहासिक जीत दर्ज की

काठमांडू, एजेंसी

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

न्यूज ब्रीफ

## राष्ट्रपति, लोस अध्यक्ष पद का राजनीतिकरण ठीक नहीं: मायावती



अमृत विचार, लखनऊ: बंगाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अपमान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरोध मामले को बसपा प्रमुख मायावती ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान की भावना के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उसके प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस पद का किसी भी तरह से राजनीतिकरण करना सही नहीं है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी बयान में कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं, लेकिन हाल ही में वेस्ट बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वे नहीं होनी चाहिए थीं। आगे कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पद का जिस तरह राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र देश और जनहित के मुद्दों पर सुचारु रूप से चलेगा। यही जनता की अपेक्षा और समय की मांग भी है।

## 60 से अधिक महिलाओं ने किया 'लखनऊ दर्शन'

अमृत विचार, लखनऊ: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' यात्रा का आयोजन किया गया है। उप्र. स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा आयोजित इस विशेष भ्रमण में डॉक्टर, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा समाज को जोड़ने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम बन रही है। महिलाओं का योगदान राष्ट्र की शक्ति है और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। रविवार सुबह शुरू हुई इस यात्रा में महिलाओं ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा भवन और रेजीडेंसी सहित कई स्थानों का भ्रमण प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदादेवी की वीरगाथा भी सुनाई, जिसने प्रतिभागियों को इतिहास से रूबरू कराया।

## जन भवन में हुआ 200 महिलाओं का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई करीब 200 महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठनों, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई महिला उद्यमियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत शुरू किए गए अपने व्यवसायों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है और चुनौतियों के बीच समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

## कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ: अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे में यौन शोषित मासूम बच्चियों की क्रूरता से की गई हत्या मामले में रविवार को कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर मृतक बच्चियों को मार्च निकाल कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च का नेतृत्व उप्र. महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने किया। कैंडल मार्च में मध्यजोन की ही उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा सहित सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# प्रकृति की सच्ची संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप नारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमृत विचार में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है।

प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।

एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं। इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं-बेटियों का हौसला

## कहा, आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर चुनकर जाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी।




उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च होगी साथ ही मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्र से शुरू करने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मातृवंदना योजना समेत कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ा गया, जिससे देश और प्रदेश की बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी और श्रम विभाग की लघु फिल्म का भी अवलोकन किया तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, अनिल राजभर, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी नन्ही शानवी गुप्ता को टेडी बियर भेंट किया। उन्होंने अन्य बच्चियों से बातचीत कर पूछा आगे क्या बनना चाहती हैं।

### बेटी के जन्म से शिक्षा तक सरकार का सहारा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और वर्तमान में प्रदेश की लगभग 27 लाख बेटियां इसका लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार अब एक विवाह पर लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है और अब तक चार लाख से अधिक बेटियों के विवाह में सरकार ने सहयोग दिया है।

### बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की धरती पर जगह नहीं

- योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कर्फ्यू, दंगा, पलायन, दुर्व्यवस्था, अराजकता यूपी की पहचान बन गए थे। यूपी के कई जनपदों में अभिभावक बेटियों को स्कूल नहीं भेजते थे, यदि बेटी को पढ़ाना है तो यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के यहां भेज देते थे। लेकिन अब यूपी की हर बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती है। आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। कोई डर-संकोच नहीं, सुरक्षा सरकार के जिम्मे है। शोहदों के इलाज के लिए यूपी पुलिस में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती की गई। सीएम ने दो-टूक कहा कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को इस धरती पर जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि कोई शोहदा बेटियों की सुरक्षा में बाधा बनेगा तो "अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमदूत तैयार बैठे हैं।" इस बयान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानि करने के साथ अन्य महिलाओं-बेटियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया।

### योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया 600 महिला उद्यमियों से संवाद

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जनपदों की 600 से अधिक महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया। जौनपुर की दुर्गा मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं के तहत एफपीओ बनाकर किसानों की मदद की है। वह 'ड्रोन दीदी' के रूप में भी कार्य कर रही हैं और उद्योग विभाग से ऋण लेकर नमकीन बनाने की फैक्ट्री स्थापित की है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब जौनपुर की इमरती के साथ आपकी नमकीन भी खानी पड़ेगी। वाराणसी की सीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से ई-रिक्शा चलाना शुरू किया। शुरुआत में लोगों के ताने सुनने पड़े, डर भी लगा, लेकिन अब वह आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र की करीब 250 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। दौली की सोनी कुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे फूलों की खेती करती हैं और महिला समूहों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से धूपबत्ती और अगरबत्ती बनाने जैसे कार्यों के माध्यम से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। गाजीपुर की प्रमिला देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं और सरकार की कई योजनाओं से लाभान्वित हैं। उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और राशन कार्ड का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में भी जानकारी ली और उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा राष्ट्र व समाज : केशव प्रसाद मौर्य

- अमृत विचार, लखनऊ/कौशाम्बी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजन, संवर्धन और उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी संदेश में कहा कि आज महिलाओं से राष्ट्र को नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। कौशाम्बी में मौर्या ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 'दीदियाँ' आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। कौशाम्बी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के महिला लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि वितरित की। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को 1.64 करोड़ रुपये का डमी चेक-स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

सफलता की कहानी

### बेकरी खोल प्रभनूर खुद बनीं आत्मनिर्भर, दे रहीं रोजगार

- अमृत विचार, लखनऊ: 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। इसी योजना के सहारे कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने शौक को व्यवसाय में बदलते हुए सफल बेकरी कारोबार खड़ा किया और अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का अवसर प्रदान किया। प्रभनूर कौर पहले रिश्तेदारों और मित्रों के लिए केक बनाती थीं। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में बेकरी वर्कशॉप भी की। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। जिला उद्योग केंद्र, कानपुर से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने योजना के तहत 4.25 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त किया और आधुनिक मशीनों व ओवन की खरीद कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। 13 अप्रैल 2025 को बैसाखी के दिन उन्होंने 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' नाम से बेकरी स्टूडियो की शुरुआत की। आज उनके यहां कस्टमाइज्ड केक तैयार होते हैं और लखनऊ व गोंडा सहित अन्य जनपदों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

### मैकरोनी-पास्ता कारोबार से 10 लोगों को रोजगार दे रहीं रचना

- अमृत विचार, लखनऊ: दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर लखीमपुर-खीरी की रचना अग्रवाल ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। संतोषनगर निवासी रचना अग्रवाल ने वर्ष 2024 में इस योजना के तहत आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने पति के सहयोग से लखीमपुर-खीरी में मैकरोनी और पास्ता निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने अपने उद्यम को मजबूत आधार दिया। आज उनका यह कारोबार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि 10 अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहा है। रचना को यह ऋण इंडियन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ और आवेदन प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) तथा बैंक अधिकारियों का भी सहयोग मिला। रचना अग्रवाल बताती हैं कि योजना के तहत उन्हें ऋण राशि पर 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिली, जिससे व्यवसाय स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उनका मानना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए तो मध्यम वर्ग के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### अवसर मिले तो देश के विकास में अहम होगी महिलाओं की भूमिका : डिंपल

- अमृत विचार, लखनऊ: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोलई गांव में आयोजित महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सपा सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनी वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लागन उद्यमी महिला फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित समारोह में सपा सांसद ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

जनसुनवाई | नोएडा में आज नियामक आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष रखेगा उपभोक्ता परिषद

# यूपी में जनसहभागिता से तय की जाएंगी बिजली की दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सोमवार को ग्रेटर नोएडा में अहम जनसुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से यह जनसुनवाई आयोजित करेगा, जिसमें बिजली कंपनियों के प्रस्तावों और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

जनसुनवाई में निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। उत्तर



प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस जनसुनवाई के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का कहना है कि बिजली कंपनियां पिछले दरवाजे से दरों में बढ़ोतरी की कोशिश कर रही हैं, जिसे सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये सरप्लस है। ऐसे में अगले

**ये प्रमुख मुद्दे उठेंगे**

- बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों का प्रस्ताव
- बिजली कंपनियों के पास 51 हजार करोड़ रुपये अधिशेष राशि का मुद्दा
- प्रदेश में लागू किए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें
- स्मार्ट मीटर के साथ लगे चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- नोएडा-गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं
- मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद
- बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य मुद्दे

पांच वर्षों तक बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता। परिषद का कहना है कि जब कंपनियों के पास पर्याप्त अधिशेष राशि मौजूद है, तब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं होगा।

जनसुनवाई में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी प्रमुख मुद्दा बनेगी। परिषद का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव आ रहे हैं। वहीं जो उपभोक्ता समय से बिल जमा करते रहे हैं, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज कराने से बच रहे हैं। परिषद ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और कनेक्शन को प्रीपेड में बदल दिया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। परिषद ने यह भी सवाल उठाया है कि स्मार्ट मीटर के साथ लगाए गए चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है।

जनसुनवाई में नोएडा और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन, मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद, बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य गंभीर मुद्दों को भी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा। परिषद का कहना है कि जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ रखा जाएगा, ताकि बिजली दरों के निर्धारण में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का यूपी चैप्टर शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग की पहल
- मेंटरशिप, वित्त और बाजार से जुड़ाव के नए अवसर मिलेंगे

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के लिए लखनऊ में वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर शुरू किया गया। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों के लिए एक मजबूत और एकीकृत मंच तैयार करना है, जिससे उन्हें व्यवसाय के विस्तार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, संसाधन और नेटवर्किंग उपलब्ध हो सके।

प्रसिद्ध महिला उद्यमी और समृद्धि क्रिएशन की संस्थापक सुष्मिता दत्ता ने यूपी स्टेट चैप्टर का उद्घाटन किया। गोमती नगर के विभूति खंड स्थित रोहतास समिट बिल्डिंग में यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के अंतर्गत इस स्टेट चैप्टर का कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से प्रदेश की महिला उद्यमियों को मेंटरशिप, वित्तीय सहायता, बाजार से जुड़ाव, नियामकीय सहयोग और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे अपने उद्यम को मजबूत कर सकें।

नीति आयोग की वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म पहल देशभर में महिला उद्यमियों के लिए एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# साहसी किशोरियों के साथ छात्राओं को भी मिला सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** 'यूपी का अभिमान–मातृशक्ति उदीयमान, यूपी की नारी–शान है हमारी' थीम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हिम्मत दिखा अपना बाल विवाह रुकवाने वाली किशोरियों के साथ ही मेधावी छात्राओं और फिर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।


कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नारीशक्ति, अधिकारी व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

रविवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रिया शाक्य, विधायक तिर्वा कैलाश सिंह राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया तथा मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इससे पहले लखनऊ से मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी देखा एवं सुना गया। इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देकर अपना बाल विवाह रुकवाने वाली चांदनी, वर्षा, नीतू, प्रियांशी एवं लक्ष्मी को सम्मानित किया गया। ज्योति सिंह हाईस्कूल की छात्राओं अंशिका तिवारी, अपर्णा एवं नम्रता कटियार को इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीडीपीओ अर्चना वर्मा, रमाकांती, मुख्य सेविका सुनाक्षी, शिवानी, वीति तिवारी, गरिमा दिवाकर, नेहा गुप्ता, चिकित्सा विभाग से चिकित्साधिकारी डॉ. रिंकी देवी, एएनएम कीर्ति देवी, पंचायती राज विभाग से सचिव प्रियंका गौतम, पंचायत सहायक प्रिया प्रजापति, कंसल्टिंग इंजीनियर पूजा, सफाई कर्मी संगीता देवी, फूलन देवी, ग्राम विकास विभाग से अध्यक्ष ग्राम संगठन कल्पना, सीएलएफ मैनेजर अंजलि कटियार, बीसी सखी बिनो देवी, प्रेमलता तथा शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य सरिता गौतम, रजा पांडे एवं सहायक अध्यापिका आकांक्षा सिंह को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत प्रिया शाक्य ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति भी है। कार्यक्रम के उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली मकरंद नगर सहित शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स सम्मानित

**कन्नौज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमं महिलाओं की महत्ता और समाज में उनकी भागीदारी को लेकर विभिन्न आयामों को प्रस्तुत करते हुए समाज और देश में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधांशु दुबे, अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमिता पटेरिया, कोऑर्डिनेटर आयुष्मान आशुतोष दीक्षित, आशा वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष रानी ने संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. गुरुजसन सिंह, फार्मासिस्ट वेद प्रकाश कुशवाहा, बीएचडब्लू मयंक दीक्षित, ऋतुराज शुक्ला कंप्यूटर ऑपरेटर, पवन मिश्रा वार्ड ब्यॉय, मोहित तिवारी, एएनएम सरिता, मंजेश लता, मिथलेश पाल, राजेश्वरी स्टाफ नर्स, ममता, आशा शांति, प्रियंका, प्रेमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


सीएमओ कार्यालय में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मान पत्र के साथ महिला स्वास्थ्य कर्मी व अधिकारी अमृत विचार

## जिला अस्पताल में सम्मानित हुईं स्वास्थ्य कर्मी


महिला कर्मचारियों को पुष्प भेंट करते सीएमएस डॉ. शक्ति बसु।

**कन्नौज।** संयुक्त जिला चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में महिला स्टाफ नर्स, सिस्टर, पैरामेडिकल कार्मिक, मल्टीटास्क वर्कर्स एवं मरीजों के महिला तीमारदारों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी में महिला कार्मिकों ने अपने विचार रखें और कई प्रेरणादायक प्रसंग का उल्लेख किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शक्ति बसु ने उक्त दिवस के थीम को आत्मसात करने तथा समाज के उन क्षेत्रों की महिलाओं जहां तक संसाधनों की पहुंच नहीं हो पाई है, हेतु लक्षित कार्यक्रम गठित कर महिलाओं के कल्याणकारी योजनाओं को लागू कराने के लिए सभी का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त महिलाओं को सम्मान स्वरूप पुष्प भेंट किया गया।

## आंगनबाड़ी पदाधिकारियों को किया नजरबंद

**कन्नौज।** मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रही आंगनबाड़ी संगठन की पदाधिकारियों को पुलिस ने घर में नजरबंद कर लिया। इससे वह लखनऊ रवाना नहीं हो सकी।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन के आवाहन पर रविवार को सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मांगों को लेकर लखनऊ पहुंचने को कहा गया था। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन कन्नौज की जिलाध्यक्ष ममता मिश्रा ने बताया कि 07 बजे शाम ट्रेन व अन्य संसाधनों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदेश पदाधिकारी के आवाहन पर 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में अपनी समस्याओं को लेकर लखनऊ मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना था। इसकी भनक लगते ही पुलिस व प्रशासन ने पदाधिकारियों के घरों पर पहुंच कर उनको नजरबंद कर लिया। शनिवार शाम 7 बजे से लेकर रविवार सुबह तक पहरा बना रहा। जब कि वह शाम 7:00 बजे की ट्रेन से लखनऊ रवाना हो गई। पुलिस ने तालग्राम की पदाधिकारी सुरेखा व जलालाबाद की नीलम तिवारी को रविवार तड़के 3 बजे तक नजरबंद रखा। बताया कि शासन से लिखित समझौता आदेश शनिवार की रात 10 बजे आने के बाद धरना स्थगित कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### होली मिलन में आएंगे नेता विरोधी दल

**तिर्वा।** समाज वादी पार्टी के नेता कुक्कू चौहान ने बताया कि सोमवार को कस्बा के गांधी चौक के पास एक गेस्ट हाउस में विधान सभा में विरोधी दल के नेता माता प्रसाद पांडे होली मिलन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम को बृहद बनाने के लिए सभी को निमंत्रण भेजा गया है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**सौरिख, कन्नौज।** थाना सकरावा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी पुत्री को गांव का ही रहने वाला युवक बहला–फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पुत्री घर में रखे करीब 72,500 रुपये नकद और सोने के जेवर भी ले गई है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### बच्चों के विवाद में महिला से मारपीट

**सौरिख।** बच्चों के विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट कर दी गई। पीड़िता अंजलि ने थाना सौरिख में शिकायत देकर गांव के ही उपेन्द्र पर मारपीट और गालीगलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार 8 मार्च की सुबह उपेन्द्र बच्चों के आपसी विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आ गया और गालीगलौज करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने लाठी–डंडों से मारपीट शुरू कर दी जिससे उसके शरीर पर चोटें आई है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### छिबरामऊ बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज

**छिबरामऊ।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सोमवार, 09 मार्च 2026 को दोपहर 1 बजे न्यायालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार झा (जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कन्नौज) होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय मौजूद रहेंगे।

### बाइक सवार मां बेटे से लूट, पुलिस आरोपियों की खोज में जुटी

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के बढ़नपुर वीरहार गांव के निकट बाइक सवार मां–बेटे से लूट के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर निवासी गुफराना बेगम शनिवार को अपने पुत्र की बाइक पर बैठ कर बेला जनपद औरैया बाजार गई थी। देर शाम लौटते समय बढ़नपुर वीरहार गांव के निकट कुछ युवकों ने बाइक को रोक लिया और मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने गहने व नकदी लूट ली। महिला ने इंदरगढ़ थाने में घटना की तहरीर दी। घटना के संबंध में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला मारपीट का है लूट नहीं की गई है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।


मेडल व प्रशस्ति पत्र दिखातीं छात्रा अनुराधा भारती। अमृत विचार

## 'मेरे बदलाव की कहानी' में सम्मानित हुई छात्रा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जनपद से इकलौती बिटिया अनुराधा पहुंची राज्य स्तर के कार्यक्रम में लखनऊ**

**अमृत विचार।** बिटिया की मां बोल नहीं सकती है। पिता शिक्षा को लेकर जागरूक नहीं हैं, लेकिन मौसी की ममता ऐसी जागी कि उन्होंने बेटी के भविष्य को देखते हुए उसका आवासीय विद्यालय में प्रवेश करा दिया। इस वजह से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेरे बदलाव की कहानी कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उसे सम्मान मिल गया।

बात हो रही है जलालाबाद विकास खंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अनौगी की कक्षा सात की छात्रा अनुराधा भारती की। रविवार को उसे बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के कार्यक्रम में विशेषज्ञ बालिका शिक्षा लखनऊ मुकेश सिंह ने सम्मानित किया। मीना मंच के जिला स्तरीय नोडल राज पाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 180 बच्चे इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें कन्नौज जनपद से अनुराधा भारती भी शामिल हुई। उन्होंने बताया कि ग्राम आमपुर्वा ब्लॉक जलालाबाद निवासी छात्रा की मां मीना देवी मूकबधिर है। पिता मुकेश बेटी के भविष्य को लेकर खास जागरूक नहीं हैं। बनारस में रहने वाली बिटिया की मौसी प्रियंका ने अनुराधा का प्रवेश बालिका विद्यालय में कराया। वर्तमान में अनुराधा कक्षा सात में पढ़ रही है। मीना मंच की बदौलत उसने जनपद स्तर पर चयनित होकर नाम रोशन किया। उसके बाद कानपुर मंडल और अब राज्य स्तर पर भी कन्नौज की खुशबू बिखेरी। अतिथियों ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। किसान बाजार दयाल गेट गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित हुए कार्यक्रम प्रगति 2026 आत्म सम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डीसी बालिका शिक्षा रोहित तिवारी व सुगम कर्ता किरन कुमारी शामिल हुईं। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि बेटियां हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रहीं हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत के बलबूते आगे बढ़ रहीं हैं। अनुराधा ने राज्य स्तर पर अपने जनपद व स्कूल का नाम किया है।

## भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान

**छिबरामऊ।** गौ माता के सम्मान और संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें कहा गया कि भारती संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है।

रविवार को पं. कन्हैया लाल पांडेय मार्केट, पश्चिमी बाईपास, छिबरामऊ में हुई बैठक में वक्ताओं ने बताया कि अभियानका मुख्य उद्देश्य समाज में गौ माता के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना, गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को गौ सेवा से जोड़ना है।इस दौरान गौ सेवक रंजीत पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है ।

## इस बार कन्नौज महोत्सव नहीं, 14 मार्च से इत्रोत्सव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- **पर्यटन विभाग की ओर से तीन दिन तक बोर्डिंग ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**अमृत विचार।** लंबे समय बाद एक बार फिर से जिला मुख्यालय पर सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत को संजोने के क्रम में जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग कन्नौज की ओर से कार्यक्रम होने जा रहा है। खास बात यह है कि इस बार कन्नौज महोत्सव नहीं इत्रोत्सव की रूपरेखा गढ़ी गई है। तीन दिन के इस कार्यक्रम में कन्नौज की पहचान इत्र पर मुख्य फोकस होगा जबकि दोपहर से मंच पर स्कूली बच्चों के अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम को लेकर लोगो का विमोचन कर दिया गया है।


महोत्सव के लोगो का विमोचन करते जिलाधिकारी, विधायक तिर्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

वर्ष 2022 के बाद एक बार फिर से महोत्सव की तर्ज पर केके इंटर कॉलेज छात्रावास के खेल मैदान में तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की कवायद भी की जाएगी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग के नेतृत्व में "कन्नौज इत्रोत्सव उत्सव–2026" का शुभारंभ आगामी 14 मार्च 2026 को प्रस्तावित है। खास बात यह है कि कन्नौज की बुनियादी पहचान इत्र से इस उत्सव को जोड़ा जा रहा है। 16 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय विद्यालयों के बच्चों को भी मंच पर प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलेगा। बताया गया है कि इस दौरान कार्यक्रम से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए मैदान में स्टाल, झूलों आदि के अलावा खानपान के भी स्टाल लगवाए जाएंगे। व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर होर्डिंग लगाने की तैयारी भी है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में रविवार को जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने इत्रोत्सव के लोगो का विमोचन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रिया शाक्य, विधायक तिर्वा कैलाश सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के अलावा जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. एम. मकबूल तथा सीएम टूरिज्म फेलो नमन दुआ भी उपस्थित रहे।

## 27 लाख के गांजा समेत तीन तस्कर दबोचे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सर्विलांस, एसओजी व कोतवाली कन्नौज पुलिस की संयुक्त टीम ने 03 शातिर गांजा तस्करों को 27 लाख रुपये कीमत के गांजा के साथ दबोचा है।

कोतवाली कन्नौज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम को शनिवार को सूचना मिली कि उड़ीसा से तस्करी कर गांजा लाया जा रहा है। इस पर घेराबंदी कर पुलिस ने पाल चौराहा के निकट से मन्जीत सिंह पुत्र निरपत निवासी ग्राम किशनपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज, उमेश सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी मोहनपुर थाना सचेडी जनपद कानपुर नगर व सतीश दुबे पुत्र विश्वनाथ दुबे निवासी गंगधरापुर कोतवाली कन्नौज को पकड़ लिया। इनसे 56.590 कि.ग्रा. गांजा व एक मोटर साइकिल बरामद की। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने पुलिस कार्यालय में पत्रकारों के बताया कि मन्जीत व उमेश उडीसा राज्य से सस्ते दामों पर गांजा तस्करी कर लते हैं और महंगे दामों पर सतीश दुबे को बेच देते हैं। सतीश इस गांजे को आसपास के क्षेत्रों में महंगे दामों पर सप्लाई कर देता था।


पुलिस कार्यालय में गांजा तस्करी के मामले का खुलासा करते एएसपी अजय कुमार व सीओ अभिषेक प्रताप अजेय, मौजूद आरोपी अमृत विचार

शातिरों की गिरफ्तारी में सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, दरोगा दिनेश कुमार, दरोगा मो. अकरम, दरोगा करनवीर सिंह, दरोगा राजेश प्रताप, हेड सिपाही संजय कुमार, आदि शामिल रहे।

## कमरे में फंदा लगा कर महिला ने दी जान

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** पति की गैरमौजूदगी में और बच्चों को सोता छोड़ कर गर्भवती महिला ने घर के कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी अंकित शाक्य की पत्नी रजनी शाक्य (25) ने रविवार की सुबह घर के कमरे में कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह कमरे में पहुंची सास ने बहू को फंदे पर लटका देखा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति शुक्रवार को दोस्तों के साथ तीर्थ यात्रा पर गया था। इसीको लेकर दंपति में विवाद हुआ था।


रजनी शाक्य। अमृत विचार

बताया जाता है कि मृतका पांच माह की गर्भवती भी थी। घटना के बाद पहुंचे पति व अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सनातन को बनाएं सशक्त व ऊर्जावान

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सतत प्रयास और संघर्ष के कारण ही आज सनातन सशक्त और समृद्ध हो सका है। वर्तमान समय से आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा और पुराना संगठन बन चुका है। यह बात नगर संघ चालक ब्रजेश कौशल ने कही।

रविवार को नगर के तिर्वा रोड पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सौ वर्ष पूर्ण होने पर होली संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामकुमार पाठक की अध्यक्षता व नगर सह संघ चालक शैलेश गुप्ता के संचालन में हुए कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद नगर के पत्रकारों व वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। नगर कार्यवाह ब्रजेश गुप्ता रामू ने कहा कि सनातन धर्म को लोगों को पंच परिवर्तन का पालन करना चाहिए। अच्छा स्वास्थ्य, समाज और उर्जा ही सनातन की ताकत है। इस दौरान मयंक गुप्ता, संजू गुप्ता, मनोज अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, जीतू तिवारी, कंचन गुप्ता, बबलू गुप्ता, गौरव गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, प्रधुम्न गुप्ता, कृष्णपाल सिंह, अनुराग गुप्ता, भूरा कठेरिया, केके राजपूत, अमित श्रीवास्तव, राजेश द्विवेदी, प्रदीप गुप्ता, आदि रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते नगर कार्यवाह ब्रजेश गुप्ता रामू। अमृत विचार

पहल

माता पिता की तबीयत खराब होने पर सोशल मीडिया ने बदली सोच

## नौकरी छोड़ी, अब मशरूम की खेती से कर रहे कमाई

राहुल राजपूत सौरिख

**अमृत विचार।** वर्तमान दौर में युवा परंपरागत खेती छोड़कर नया करने की चाह रखने लगे हैं। इसी क्रम में एक युवा ने पारिवारिक परिस्थितियों के चलते नौकरी छोड़ दी। फिर सोशल मीडिया पर मशरूम की खेती के बारे में जाना और प्रशिक्षण लिया। इसके बाद खेती शुरू कर दी। अब वे एक छोटे से कमरे में मशरूम उगाकर 30-40 हजार रुपये की लागत में करीब 15 हजार रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं।

कस्बा के मोहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी आदित्य कुमार ने बीकॉम की डिग्री हासिल की। उसके बाद प्राइवेट नौकरी करने लगे। माता-पिता की तबीयत खराब रहने के कारण नौकरी छोड़कर घर चले आए और फिर सोशल मीडिया पर मशरूम की खेती करने का तरीका देखा। इसके बाद अगस्त 2025 में कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी और उसके बाद हिमाचल प्रदेश के सोलन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण लिया। इसके बाद बटन मशरूम का बीज व खाद हरदोई जनपद के संडीला से खरीद लिया। 10 गुणा 10 के कमरे में पूरा स्ट्रक्चर बनाने के बाद ठंडा वातावरण तैयार करने के लिए एसी लगवाया। जनवरी 2026 में पहली बार बीज लगाकर फसल तैयार की। धीरे-धीरे मशरूम की दूसरी वैरायटी आफ्टर मशरूम को लगाना शुरू कर दिया। एक बार फसल तैयार करने में लागत लगभग 30 हजार रुपये आ जाती है। एक वर्ष में तीन बार फसल तैयार की जा सकती है। बताया कि वे फसल को नजदीकी बाजार में ले जाकर बेचने लगे। अब नए बाजार की तलाश कर रहे हैं।


कमरे में उगाई मशरूम दिखाते सौरिख के आदित्य कुमार। अमृत विचार

आगे चलकर गांव में और भी बड़ा काम करने की इच्छा है। उन्होंने बताया, जानकारी होने पर काफी लोग इस विधि से खेती करने को देखने आ रहे हैं। एक बार में 30 से 40 हजार रुपये लगाने के बाद करीब 15 हजार रुपये की आमदनी हो जाती है। फुटकर बाजार की बात करें तो 40 रुपये में 200 ग्राम मशरूम का पैकेट बिकता है। आगे बड़ा काम करने की तैयारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा साहब की क्षतिग्रस्त प्रतिमा बदलवाने की मांग की

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह कठेरिया ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मोहम्मदाबाद चौराहे के पास अराजकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की गयी बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा बदलवाये जाने की मांग की है। उन्होने डीएम व एसपी को लिखे पत्र में कहा कि अराजकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की गयी प्रतिमा से क्षेत्र में समाज के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने मोहम्मदाबाद ब्लाक गेट पर डॉ.अम्बेडकर की नयी प्रतिमा लगाकर चारों ओर बेरिकेडिंग कराए जाने की मांग की है।

### अनियंत्रित डंपर दुकान में घुसा, हादसा बचा

**तिर्वा।** देर रात एक तेज रफ्तार डंपर डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में बनी दुकान में जा घुसा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। शनिवार रात करीब 12 बजे तिर्वा-कन्नौज राजमार्ग पर कन्नौज की तरफ से एक डंपर तेज रफ्तार से आ रहा था। इंडेन गैस एजेंसी के सामने चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया,जिससे डंपर लहराता हुआ दूसरी लेन में जाकर साइड की दुकान के चबूतरे पर चढ़ गया। दुर्घटना की जानकारी होने पर चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा चालक को सुरक्षित निकाल कर कोतवाली पहुंचा दिया। घटना दिन में होती बड़ी जनहानि हो सकती थी। दुर्घटना स्थल से मात्र 10 फीट की दूरी पर गिहार बस्ती के लोग भी सड़क के किनारे सो रहे थे। दुकान मालिक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से मना कर दिया है।

### यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया

**कन्नौज।** यातायात निरीक्षक ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। 14 मार्च को होने वाली लोक अदालत में वाहनों के चालान पर लगे जुर्माने को जमा करने को कहा।रविवार को टीएसआई अरशद अली ने शहर के पाल चौराहा, गोल कुआं, तिर्वा क्रॉसिंग, बस स्टैंड आदि स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। टीएसआई ने बताया कि 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत है।इसमें जिन वाहनों के चालान हो गये हैं और अभी तक जुर्माना जमा नहीं किए गए हैं वह लोक अदालत में पहुंच कर निस्तारण आवश्य करा लें। उन्होंने मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट लगाने की हिदायत दी। इस अभियान में आरक्षी कन्हैया, मुख्य आरक्षी विजय प्रताप, मनोज कुमार, अब्दुल वहीद मौजूद रहे।

### समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण

**फर्रुखाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला अधिकारियों, कार्मिकों तथा अन्य उत्कृष्ट महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी तथा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक महिला जीवन में अनेक भूमिकाओं का निर्वहन करती है और समाज की प्रगति में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर हादसा, तीन लोग हुए घायल

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर रविवार को कार और लोडर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में लोडर में सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्नाव जनपद के बांगरमऊ थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी अनूप कुमार, शिवपाल और चुन्नीलाल लोडर से रविवार को तिर्वा पशु बाजार में मवेशी बेचने जा रहे थे। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने इत्र पार्क के पास सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोडर में सवार तीनों लोग घायल हो गए।

# बेसिक शिक्षा विभाग ने हैवतपुर कटरा में बना दिए दो प्रधानाध्यापक

## लखनऊ से पोर्टल के जरिए ऑनलाइन होती है विद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती

अजय मिश्र, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के भी अजब- गजब काम हैं। प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में दो प्रधानाध्यापक बना दिए, जबकि एक पहले से कार्यरत हैं। महकमे की गलती की वजह से विद्यालय में विवाद की स्थिति बन गई है। माहौल भी खराब हो रहा है। ऐसा भी नहीं है कि जनपद में एक पद पर दो तैनाती का यह कोई पहला मामला है। इससे पहले भी इस तरह के बेतुके आदेश जारी हो चुके हैं। इससे विभागीय कार्यशैली पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

इन दिनों विकास खंड सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में प्रधानाध्यापक रामेंद्र पाल हैं। उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल शाहनगर से निलंबित प्रधानाध्यापक अमित कुमार को बहाल कर फरवरी में प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में तैनाती का आदेश जारी हो गया। इसके बाद से विवाद शुरू हो गया है जो अब विभाग के अलावा तहसील व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जब पहले से ही कोई प्रधानाध्यापक किसी विद्यालय में तैनात है तो दूसरे प्रधानाध्यापक की तैनाती कैसे कर दी गई। शनिवार को प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई। कहा, सदर ब्लॉक इलाके के यूपीएस आटी में विज्ञान के सहायक शिक्षक रहे रामेंद्र पाल को पीएस हैवतपुर कटरा का प्रधानाध्यापक बनाकर कार्य कराया जा रहा है जो उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के सेवा नियमों एवं शासनादेशों के विपरीत है। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि नियमों की अनदेखी कर पात्र शिक्षकों के अधिकार का हनन किया जा रहा है। समायोजन प्रक्रिया में रिक्त पीएस हैवतपुर कटरा में प्रधानाध्यापक पद पर 28 जून 2025 को उसने ऑनलाइन आवेदन कर तैनाती मांगी थी लेकिन नहीं दी गई। नियमों की अनदेखी कर सहायक अध्यापक रामेंद्र पाल को यूपीएस आटी से पीएस हैवतपुर कटरा का प्रधानाध्यापक बना दिया गया।

### हाईकोर्ट जाने को बाध्य होगा शिक्षक

- अमित कुमार ने कहा है कि प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराई जाए। गलत कार्य करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई हो। अगर 15 दिनों के अंदर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो वह आरटीआई व हाईकोर्ट इलाहाबाद की शरण में जाने को बाध्य होगा। इस बाबत सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बीएसए से मामला संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने को कहा है।

### किस नियम के तहत कार्यभार ग्रहण कराएं

- प्रधानाध्यापक रामेंद्र पाल का कहना है कि बीईओ सदर मधुलिका बाजपेयी ने उनको पत्र भेजकर नियमानुसार कार्यभार ग्रहण/ कार्रवाई करने की बात कही है। जब पहले से ही एक प्रधानाध्यापक तैनात हैं तो नियम के तहत दूसरा नहीं हो सकता है। उन्होंने बीईओ को पत्र भेजकर पूछा है कि आखिर किस नियम के तहत वह अमित कुमार को कार्यभार ग्रहण कराएं।

पोर्टल से स्कूल का आवंटन होता है। यह प्रक्रिया लखनऊ से संचालित है। प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा के मामले को लेकर सचिव को पत्र भेजा जा चुका है। तैनाती को निरस्त कर दोबारा विद्यालय का आवंटन होगा। इसमें कुछ वक्त लगेगा। हालांकि रजिस्टर में अमित कुमार के हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं, उनको वेतन भी दिया जाएगा।
**- संदीप कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

# सख्ती:अभियान चलाकर बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के काटे चालान

संवाददाता फर्रुखाबाद


वाहनों की चेकिंग करता यातायात पुलिस का सिपाही। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न तिराहों और चौराहों पर वाहनों की सघन जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर अभियान चलाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के चालान काटे गए। इसके साथ ही जिन वाहनों के कागजात पूरे नहीं पाए गए, उनके खिलाफ भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान यातायात व्यवस्था में तैनात महिला सिपाहियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रही महिलाओं के वाहनों की जांच कर उनके चालान किए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई जारी रहेगी।

- **शहर के विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सघन जांच की गई**
- **जिन वाहनों के कागजात पूरे नहीं पाए गए,उन पर भी कार्रवाई की**

# संदिग्ध हालात में ट्रक चालक ने फांसी लगा की आत्महत्या

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर में रविवार तड़के एक ट्रक चालक युवक का शव घर के कमरे में अंगौछे से बने फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने युवक को फंदे से उतारकर उसकी जान बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी दिलीप कुमार (30) पुत्र ट्रक चालक था और बाहर रहकर ट्रक चलाने का काम करता था। बताया गया है कि होली के त्योहार के चलते वह करीब एक सप्ताह पहले ही ट्रक खड़ा कर अपने घर कमालगंज लौट आया था और परिवार के साथ रह रहा था। शनिवार रात दिलीप ने परिवार के साथ भोजन किया और इसके बाद घर के बरामदे में सो गया। उसके पास ही उसका भांजा अमित भी लेटा हुआ था। रविवार तड़के करीब तीन बजे अमित लघुशंका के लिए उठा तो उसने देखा कि दिलीप अपने स्थान पर नहीं है। इस पर उसने आसपास खोजबीन शुरू की। खोजते हुए जब वह घर के कमरे में पहुंचा तो वहां दिलीप अंगौछे से बने फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया। आनन-फानन में युवक को फंदे से नीचे उतार लिया।सुबह करीब साढ़े छह बजे परिजन उसे ठेली पर लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद दिलीप को मृत घोषित कर दिया।

# रोमा मंच पर खेली गई फूलों की होली, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के ऐतिहासिक रोमा मंच पर होली मिलन समारोह हुआ। इसमें फूलों की होली हुई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि यह समारोह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि संगठनात्मक शक्ति और सामाजिक समरसता का भव्य समागम है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फूलों की होली और अबीर-गुलाल का उत्सव रहा। हवा में उड़ती फूलों की पंखुड़ियों और गुलाल के बीच पूरा माहौल भक्ति और हर्षोल्लास में डूब गया। स्थानीय कलाकारों ने फाग और पारंपरिक लोकगीत सुनाए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोक संस्कृति का रंग देखने को मिला।


होली मिलन में कलाकारों, कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद मंत्री असीम अरुण व अन्य।

- **मंत्री की ओर से कार्यक्रम में अबीर- गुलाल का उत्सव**
- **शामिल हुए स्थानीय कलाकार भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग**

इस अवसर पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह मौजूद रहे। सभी ने एक- दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकजुटता का संदेश दिया।

# मेरापुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेरापुर थाना क्षेत्र में भतीजी का तिलक चढ़ाकर लौट रहे युवक नीरज सिसोदिया (40) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। वह शनिवार देर रात एटा के जलेसर से अपनी भतीजी शालू के तिलक समारोह से लौट रहे थे। रविवार को कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें मृत घोषित किया गया।

जानकारी के अनुसार, नीरज अपने परिजनों के साथ कार से घर लौट रहे थे। जलेसर से कुछ दूरी पर लघुशंका के लिए कार रोकी गई। जैसे ही नीरज और दो-तीन अन्य लोग उतरे, विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में नीरज गंभीर रूप से घायल हो गए, उनके सिर में गहरी चोटें आईं। साथ ही, कार में सवार दो अन्य लोगों को भी हल्की चोटें लगीं। परिजनों ने तत्काल उन्हें एक स्थानीय निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। उपचार के बाद नीरज की हालत में सुधार होने पर परिजन उन्हें रात में ही घर ले आए। हालांकि, रविवार सुबह उनकी हालत फिर बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नीरज की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी मंजू देवी और अन्य रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक नीरज के परिवार में 15 वर्षीय पुत्री पलक और 8 वर्षीय पुत्र कृष्णा हैं। वह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे।

# महिला दिवस पर हुई खेल प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दमखम

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ स्थित स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माय भारत एवं खेलो इंडिया के तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विशेष रूप से दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और खेल भावना के साथ दौड़ में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके शारीरिक व मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।



विजेता को प्रशस्ति पत्र देतीं जिपं अध्यक्ष मोनिका यादव व सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय।

प्रतियोगिता की शुरुआत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और समाज में उनके आत्मविश्वास को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रतिभाग करने वाली महिलाओं और युवतियों का हौसला बढ़ाया और खेल गतिविधियों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन महिलाओं के सशक्तिकरण के संदेश के साथ हुआ।

# युवती से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** जनपद के कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में एक युवती को फोन कर बुलाने के बाद खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि बीते 4 मार्च को गांव का ही रहने वाला युवक रघुनाथ उर्फ छोटेलाल ने उसे फोन कर मिलने के लिए बुलाया था। आरोपी उसे बहला-फुसलाकर गांव के बाहर गेहूं के खेत में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी रघुनाथ उर्फ छोटेलाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसकी विवेचना महिला उपनिरीक्षक नीतू यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनाया गया होली मिलन समारोह अबीर-गुलाल लगाकर मिले गले

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शमशाबाद नगर के शहनाई गेस्ट हाउस में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन द्वारा पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन पारंपरिक उत्सव से आगे बढ़कर संस्कृति और सामाजिक एकता का सशक्त मंच बना।

कार्यक्रम में रंगों की उमंग के साथ वैचारिक आदान-प्रदान और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन केवल होली के उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मीडिया और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का माध्यम भी बना। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी ने समारोह को गरिमामय स्वरूप प्रदान किया।



शमशाबाद में होली मिलन समारोह में मौजूद पत्रकार। अमृत विचार

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल गौड़, महासचिव संजय शर्मा, दीपक तिवारी, ताहिर खां, विश्व प्रकाश चतुर्वेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। पत्रकारों ने हरमोनियम,ढोलक की थाप के साथ होली के मधुर गीत व भजन सुनाकर सभी को उत्साहित कर दिया। अंत में आयोजक मंडल द्वारा सभी पत्रकारों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महासचिव इरशाद अली, जिला उपाध्यक्ष महेश वर्मा, विनय सक्सेना, शाहनवाज खां, विशाल शर्मा, विजय कुमार,नवनीत सैनी,अनिल अवस्थी,सहित नगर के संभ्रांत नागरिकों व भारी संख्या में पत्रकारो ने तरह तरह के व्यंजनों का आनंद लिया।

**बैठक** | स्वर्गधाम सेवा दल की बैठक में जनप्रतिनिधयों की उपेक्षा पर जतायी गयी नाराजगी

# स्वर्गधाम पर जनसहयोग से बनेगा एक हॉल, होगी रंगाई-पुताई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्वर्गधाम सेवा दल की बैठक स्वर्ग धाम पर स्थित पार्क में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में स्वर्गधाम से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता आचार्य अमरीश जी महाराज के द्वारा की गई।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वर्गधाम के प्रति उपेक्षात्मक रवैये पर नाराजगी व्यक्त की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से स्वर्गधाम पर हो रही अराजकता, अवैध वसूली और गंदगी आदि पर 100 प्रतिशत रोक लगा दी गई है और लगातार स्वर्गधाम सेवादल की टीम के द्वारा घाट को सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भीषण गर्मी और बरसात के समय लोगों के बैठने की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न होती है। इसके लिए आवश्यक है कि एक बड़े हाल का निर्माण हो जिसमें कम से कम एक हजार लोग बैठ सकें। इस हाल को बनवाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। जन सहयोग से इसको बनाया जाएगा। उन्होने स्वर्गधाम के प्रति जनप्रतिनिधियों की उपेक्षात्मक रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा काफी कार्य जाने की घोषणा की गई थी पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। स्वर्ग धाम किसी एक व्यक्ति का नहीं है, सभी का है पर हमारे यहां के जितने भी जनप्रतिनिधि हैं वह सब घाट को लेकर इतने उदासीन और लापरवाह हैं कि कभी कोई काम नहीं कराया। यदि जनप्रतिनिधि चाह लें तो पूरे स्वर्गधाम की सूरत बदल सकती है पर जिले के सभी सांसद विधायक और नगर पालिका के अध्यक्ष मजाल क्या एक पैसे का भी काम स्वर्गधाम पर करवाते हों। अब जनता को खुद कार्य कराने पड़ेगा तब जाकर स्वर्गधाम अच्छा होगा। वरिष्ठ सदस्य सत्यपाल सिंह प्रगल्भ ने स्वर्गधाम पर रंगाई पुताई का प्रस्ताव रखा। अनिल द्विवेदी के द्वारा घाट पर ठंडे जल की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभागाध्यक्ष अंगद पांडे उर्फ कोमल ने कहा घाट पर अराजकता और अवैध वसूली को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। दिनेश राजपूत, स्वामी उमेशानंद भारती, श्यामेंद्र दुबे, नीरज, अनिल द्विवेदी, विष्णु मिश्रा, पंकज राठौर, कुलदीप कुमार, अजय कुमार, रवि सक्सेना, रामदास गुप्ता, सौरभ पांडे, बाबू भाई, राजीव वर्मा, ओमनिवास पाठक, आलोक मिश्रा भूरे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


स्वर्गधाम सेवा दल की बैठक में मौजूद भईयन मिश्रा व अन्य लोग। अमृत विचार

# एचटी लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली में भागवत कथा से पहले निकाली जा रही कलश यात्रा के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। झंडा लेकर चल रहे एक किशोर की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई।

16 वर्षीय अखिलेश प्रजापति पुत्र मुकेश प्रजापति अपने ही परिवार के सुबोध प्रजापति के यहां आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कथा प्रारंभ होने से पहले शनिवार को गांव में श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जा रही थी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे।

बताया गया है कि कलश यात्रा के दौरान अखिलेश हरे बांस में झंडा लगाकर सबसे आगे चल रहा था। जैसे ही यात्रा गांव के मंदिर के पास पहुंची, उसी समय झंडा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गया। तेज करंट लगते ही अखिलेश गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तुरंत उपचार के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। बताया गया है कि अखिलेश इंटरमीडिएट (12वीं) का छात्र था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार से स्टंट कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस स्टैंड के समीप स्थित पिंक बूथ चौराहे के पास ओवरब्रिज के नीचे कार से स्टंट कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवकों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए कार का 12 हजार रुपये का चालान भी काटा और वाहन को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि बीती रात करीब 12बजे वह पुलिस बल के साथ गशत पर थे। इसी दौरान ओवरब्रिज के नीचे पिंक बूथ के पास एक कार में सवार तीन युवक बार-बार कार को घुमाकर स्टंट कर रहे थे। पुलिस तीनों युवकों को पकड़कर वाहन सहित थाने ले आई। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम आयुष, सुमित निवासी शांति कॉलोनी इटावा तथा प्रियांशु कुमार निवासी डाक बंगला, थाना अलीगंज जिला एटा बताए।

### कांग्रेसियों ने किया रोजा अफ्तार व होली मिलन

**इटावा।** ज़िला कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयोजन में होली मिलन समारोह एवं रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। समाज में बढ़ते विघटनकारी धार्मिक घृणा-द्वेष से भरे इस वातावरण में गंगा-जमुनी सभ्यता, भाईचारा एवं आपसी सौहार्द का संदेश देते इस कार्यक्रम में सभी कांग्रेसियों ने पहले गुलाब के फूलों से होली खेली फ़िर रोज़ा खुलने के समय अफ्तार किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, पूर्व ज़िला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद शंखवार, प्रशांत तिवारी, सुमनलता उपाध्याय, वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा ज़ुबैरी, करन सिंह राजपूत, शौजब रिज़वी, सरवर अली, नरेंद्र यादव, डॉ. झब्बूलाल, अंसार अहमद, अनुराग कर्ण, प्रदीप द्विवेदी, सुहेल सहित तमाम कांग्रेसियों ने हर्षोल्लाह के साथ सहभागिता की।

### कुल्हाडी मारकर किया घायल, रिपोर्ट

**भरथना।** क्षेत्र के गांव नगला भारा में आपसी विवाद के चलते एक व्यक्ति को कुल्हाडी मार कर घायल कर दिया गया। उक्त गांव निवासी पीड़ित विशेष कुमार पुत्र शिवराम सिंह ने बताया है कि 2 मार्च की सुबह अपने प्लाट पर लकड़ी काटने गया था, उसी दौरान गांव के ही रणबीर सिंह, शिशुपाल सिंह, यशपाल सिंह, किशनवीर उर्फ पिंटू ने आकर बेवजह गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दी, मारपीट के दौरान आरोपियों ने सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर बचाने आए भाई अनेश से अभद्रता गालीगलौज की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### साइबर फ्रॉड से निकाले गए रुपये पुलिस ने वापस कराये

**इटावा।** साइबर सेल ने साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीड़ित के 2,07,000 रुपये पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी। पीड़ित शिवम कुमार पुत्र हरि शंकर निवासी लालपुरा जैन धर्मशाला इटावा के खाते से बिना जानकारी के रुपये कट जाने के संबंध मे पीड़ित द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी। साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एव बैंक अधिकारी/पेमेण्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से समन्वय स्थापित/वार्ता कर प्रार्थी के रुपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए पीडित के शत प्रतिशत रुपये शतप्रतिशत वापस कराये गये है।

### विवाद में 11 पर शांति भंग की कार्रवाई

**जसवंतनगर।** होली के त्योहार के बाद हुए आपसी विवाद और मारपीट के मामलों में थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह महिलाओं सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है। सभी आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि विभिन्न शिकायतों के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा के तहत शांति भंग कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुमित पुत्र उदयभान सिंह, सोनू उर्फ सोमेश पुत्र प्रवीन कुमार, मधुर पुत्र प्रदीप कुमार निवासी भीखनपुर, शिवम पुत्र योगेंद्र निवासी नगला भगत तथा अंकुश पुत्र नरेंद्र निवासी नगला महासुख शामिल हैं। इसके अलावा रानी पत्नी नरेंद्र, कुशुमा पत्नी सौरभ, दीप रानी पत्नी शिवकुमार, सोनी पत्नी दीपक, मोहिनी पत्नी दीपू यादव और अनीता पत्नी अवधेश निवासी नगला महासुख को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# साली से शादी करने के बाद की हत्या

## आरोपी ने कोतवाली पहुंचकर अपना जुर्म कुबूल किया, चार मार्च को साली को बहलाकर ले गया था आरोपी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** कोतवाली सदर के मोहल्ला फूलन देवी डांड़ा जैन धर्मशाला के पास जीजा ने साली की हत्या कर दी और हाथ में खून से सनी ईंट लेकर कोतवाली पहुंचकर अपना जुर्म कुबूल कर लिया। आरोपी ने चार मार्च को ही साली से शादी की थी। आरोपी की बात सुनकर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव बरामद कर लिया।



मोर्चरी पर पंचनामा भरती पुलिस व मौजूद परिजन। अमृत विचार

कोतवाली सदर के मोहल्ला फूलन देवी डांड़ा जैन धर्मशाला के पास निवासी विजय कुशवाहा दिल्ली में जल बोर्ड में संविदा पर मैकेनिक का काम करता है। वह अपने गांव आता जाता रहता है। विजय ने पांच साल पहले थाना वैदपुरा के बर्रा गांव निवासी लड़की निशा कठेरिया से लव मैरिज की थी। विजय और निशा के बीच पिछले दो महीने से अनबन चल रही थी। वह मायके में रह रही है। विजय अक्सर अपनी पत्नी निशा को मनाने अपनी ससुराल आता-जाता था। वहीं पर उसकी मुलाकात पहली बार निशा की मौसी की बेटी सुनैना पुत्री रघुराज कठेरिया निवासी नगला सुभान सैफई से हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया। सुनैना के पिता रघुराज ने बताया कि विजय का हमारे घर पर रोज का आना-जाना था। विजय चार मार्च को हमारी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद वह उसे दिल्ली लेकर गया और वहीं शादी कर ली। शनिवार की शाम हमारी पत्नी की बेटी से फोन पर बात हुई उसने कहा था मम्मी हम घर आ जाएंगे हमे मारना मत। शनिवार रात के करीब 3 बजे हमें कोतवाली से फोन आया कि जिला अस्पताल आओ। जब हम वहां पहुंचे तो देखा कि हमारी बेटी अस्पताल में स्ट्रेचर पर पड़ी थी। विजय ने उसे मार डाला। विजय मेरी बेटी से उम्र में बहुत बड़ा है। पुलिस ने हमें बताया कि उसके शरीर पर चोट और गर्दन पर रस्सी के निशान मिले हैं। मृतका सुनैना के भाई शिवम ने बताया कि विजय हमारे घर आता था। ये होली से एक दिन पहले आया था। होली वाले दिन मेरी बहन को लेकर चला गया। शिवम ने बताया कि दिल्ली में विजय ने मंदिर में शादी करके फोटो और वीडियो भी भेजे थे। विजय ने पांच साल पहले हमारी मौसी की लड़की निशा को भी भगाकर शादी की थी। जब 4 मार्च को विजय सुनैना को लेकर गया तब हमने थाना सैफई में उसके खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार सुबह पुलिस ने हमें सुनैना के मौत की खबर दी। हम जब अस्पताल पहुंचे तो सुनैना का शव स्ट्रेचर पर पड़ा मिला।

### थाना सैफई में दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी

**इटावा।** थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत निवासी पिता ने अपनी पुत्री के घर से कहीं चले जाने के संबंध में थाना सैफई में सूचना दी थी। इस संबंध में 6 मार्च को थाना सैफई पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी। पुलिस टीम ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया 5 मार्च को अपनी पत्नी की मौसी की लड़की को उसके घर से अपने साथ दिल्ली ले गया था। आरोपी के अनुसार जब उसे ज्ञात हुआ कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है तो 8 मार्च की रात वह रोडवेज बस से उक्त लड़की को साथ लेकर इटावा वापस आया। बस अड्डे पर उसने युवती को अपने घर जाने के लिए कहा किन्तु युवती जाने के लिए तैयार नहीं हुई और उसके पीछे-पीछे चलने लगी। इसी दौरान अपने घर के समीप एक सुनसान स्थान पर आरोपी ने आवेश में आकर युवती का गला दबा दिया तथा ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

## बकरा-बकरी क्रय हेतु मेले का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** जनपद में बकरियों की नस्ल सुधार एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा "बकरियों के सुधार एवं संरक्षण योजना" के अंतर्गत बकरा-बकरी क्रय हेतु विशेष मेला का आयोजन चकरनगर में किया गया। जिसमें बकरी व बकरा का पंजीकरण कर डॉक्टरों व वैज्ञानिको की चार सदस्यीय टीम के द्वारा किया गया। टीम में प्रमुख रूप से अपर निदेशक ग्रेड2 कानपुर मंडल कानपुर डॉ. विजयवीर चन्द्रयाल, केंद्रीय अनुसंधान सस्थान मथुरा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.एम.के.सिंह, सयुंक्त निदेशक भदावरी प्रक्षेत्र डॉ. धर्मेंद्र मिश्रा तथा मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह रहे।

इस अवसर पर अपर निदेशक डॉ. विजयवीर चन्द्रयाल ने बताया कि भारतवर्ष की महत्वपूर्ण जनपद इटावा की स्थानीय नस्ल को संरक्षित करने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है इस योजना का उद्देश्य उन्नत नस्ल की जमुनापारी बकरियों के माध्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि करना तथा स्वरोजगार के अवसरों को सशक्त बनाना है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत पशुपालकों के उन्नत नस्ल के बकरा-बकरी की चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गयी है। डॉ. एम.के. सिंह प्रधानवैज्ञानिक सी. आई.आर. जी.मथुरा ने सभी पशुपालको को जमुनापारी बकरियों में इनब्रीडिंग को रोकने तथा गुणवत्ता व अधिक दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर परब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राजावत, प्रधान प्रतिनिधि सतेन्द्र सिंह चौहान मुन्ना, डिप्टी सीवीओ डॉ हरिश्चंद्र, डॉ. अशोक कुमार, डॉ, भगवान सिंह के अलावा डॉ. संजीव शर्मा आद रहे।

## बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना लाखों के जेवर और नकदी किया पार

संवाददताता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बसैयाहार में शनिवार रात चोरों ने एक बंद मकान में पीछे से चढ़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की।



छत पर पहुंच कर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- ग्राम बसैयाहार में शनिवार की रात चोरों ने घटना को दिया अंजाम

ग्राम बसैयाहार निवासी महाराज ने बताया कि उनके दामाद संजय पाठक की तबीयत खराब होने के कारण उनकी पत्नी रामकान्ती एक सप्ताह पहले बेटी सुनीता के घर अटसू, अजीतमल गई हुई थीं। शनिवार रात उनका बेटा राजीव तिवारी अपनी बहन के यहां से बहनोई को दवा दिलाकर घर लौटा और पुराने मकान के कमरों व गेट पर ताला लगाकर नए मकान में सो गया। इसी बीच मौका पाकर चोरों ने पहले पड़ोसी मोनू तिवारी और प्रद्युम्न तिवारी के जीने की कुंडी अंदर से बंद कर दी, ताकि कोई बाहर न निकल सके। इसके बाद चोर छत के रास्ते घर में घुसे और दो कमरों के ताले तोड़ डाले। कमरों में रखी तीन अलमारियों के ताले तोड़कर सामान अस्त-व्यस्त कर दिया इसके अलावा बक्से और डबल बेड तक खंगाल डाले। चोर सोने चांदी के जेवरात समेत करीब 70 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब महाराज ने घर का गेट खोला तो कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा पड़ा देख उनके होश उड़ गए। थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर व उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। डॉग स्क्वायड टीम ने भी पहुंचकर घटनास्थल की जांच की। थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर ने बताया कि अभी तक मामले में तहरीर नहीं मिली है।

## विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की इलाज के दौरान गई जान

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के गांव भोगीपुरा में ननिहाल में रह रहे 22 वर्षीय युवक की विषाक्त पदार्थ खाने से उपचार के दौरान मौत हो गई।

मृतक को भर्ती कराने वाले अवधेश कुमार ने बताया कि आशुतोष मूल रूप से औरैया नगर का निवासी था। करीब पांच वर्ष पहले उसके पिता दुर्गेश के लापता हो जाने के बाद वह अपनी मां सपना और बहन के साथ भोगीपुरा गांव में नाना कैलाश अवस्थी के घर रह रहा था। आशुतोष सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजा बाग स्थित एक खाद-बीज की दुकान पर काम करता था। बताया जा रहा है कि कम आय के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। चार मार्च को उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सात मार्च की शाम उसकी मौत हो गई।

## स्काउट वर्ग में अहेरीपुर व गाइड वर्ग में नगला छते टीम रही विजेता

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय स्काउट गाइड रैली का आयोजन किया गया। रैली में जनपद के सभी विकास खण्डों से चयनित स्काउट एवं गाइड की एक-एक टीम ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। रैली के अंतर्गत स्काउटिंग से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें मार्च पास्ट, कलर पार्टी, गांठें एवं बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, कैम्पिंग (टेंट पिचिंग), कुकिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी एवं कैम्प फायर प्रमुख रहीं।



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

- बेसिक विद्यालयों की जनपदीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता संपंन

स्काउट वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय अहेरीपुर महेवा प्रथम, उच्च प्राथमिक नगला छत्ते जसवंत नगर द्वितीय, उच्च प्राथमिक ताखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गाइड वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला छत्ते जसवंतनगर ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहन्ना बढ़पुरा द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय ताखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैंड प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी बढ़पुरा ने प्रथम एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बौराइन सैफई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, समस्त विजेता टीमों को समस्त अधिकारियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीएसए डॉ राजेश कुमार ने कहा कि स्काउट एवं गाइड गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित करती हैं। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना, सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल मयंक शर्मा ने कहा कि स्काउट एवं गाइड संगठन युवाओं को सेवा, अनुशासन और समर्पण का मार्ग दिखाता है।

## महिलाओं को उनके अधिकार बता कर किया जागरूक

संवाददताता जसंवतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत खेड़ा बुजुर्ग के भगवानपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर अधिकार मित्रों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जागरूक किया गया। वक्ताओं ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन अपने विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का निस्तारण सरल और त्वरित तरीके से करा सकते हैं। महिलाओं को विशेष रूप से घरेलू विवाद, पारिवारिक मामलों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए लोक अदालत का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकार मित्र राजेंद्र सिंह और लालमन ने महिलाओं को कानून द्वारा दिए गए अधिकारों, न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक रहना चाहिए, तभी वे समाज में सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

**किशोरी को बहला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज :** भरथना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी है कि बीती 3 फरवरी को 16 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से चली गई थी, वापस नहीं आने पर खोजबीन के दौरान विशाल निवासी समान कटरा थाना किशनी जिला मैनपुरी द्वारा पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की जानकारी हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## होली मिलन में फूलों की होली खेलकर सुनीं कविताएं

संवाददताता इकदिल इटावा

**अमृत विचार ।** परशुराम सेवा समिति का होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन श्री एस आर एल टी कॉलेज इकदिल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव गोपाल अवस्थी ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी व भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



होली मिलन समारोह में मौजूद समिति के पदाधिकारी व कवि। अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फूलों की होली खेली सभी अतिथियों का परशुराम पट्टीका पहनाकर व परशुराम जी का चित्र देकर सम्मानित किया। काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ कवियत्री प्रतीक्षा चौधरी ने माँ सरस्वती जी की वंदना पढ़कर किया। राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी ने काव्य पाठ कर सभी के अंदर जोश भरा। औरैया से पधारे युवा कवि गोपाल पाण्डेय ने जोशीले अंदाज में अपनी रचना पढ़ी। इसके अलावा हर्ष शर्मा, प्रशांत तिवारी, शाश्वत शुक्ला, समीक्षा चौधरी आदि ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, केके चतुर्वेदी, दीपक त्रिपाठी, रामकिशोर मिश्रा, केके त्रिपाठी, विपिन अवस्थी, पंकज अवस्थी, मुकेश दीक्षित, गीतिका तिवारी, अनिल दीक्षित, अनिल चौधरी, आलोक तिवारी, रविशंकर चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी आदि रहे।

## महिला पंजा कुश्ती में व्यासपुरा की मीना प्रथम

कार्यालय संवाददताता इटावा

- जन शिक्षण संस्थान ने कराया प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार ।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मकसूदपुरा कार्यालय परिसर में लाभार्थियों द्वारा हस्त निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी, महिला पंजा कुश्ती एवं रैपिड फायर क्विज़ कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान की उपाध्यक्ष नमिता तिवारी एवं संयोजक जसप्रीत कौर ने कराया।

लाभार्थियों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ भारतीय किसान संघ की महिला प्रमुख अरुणा सिंह द्वारा किया गया। लाभार्थियों ने जूट से निर्मित उत्पाद, सॉफ्ट टॉय एवं वस्त्रों का स्टॉल लगाया। महिलाओं में आपसी तालमेल और विश्वास के उद्देश्य से ग्रामीण एवं गृहणी महिलाओं की जनपद में प्रथम बार महिला पंजा कुश्ती प्रतियोगिता को उपाध्यक्ष नमिता तिवारी ने पंजा लड़ाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के बौद्धिक स्तर के लिए रैपिड फायर क्विज़ का आयोजन कराया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जीतने वाली महिलाओं के लिए वामा केयर कम्पनी की श्वेता चंदेल ने गिफ्ट के रूप में सैनिटरी पैड का बॉक्स दिया। पंजा कुश्ती में प्रथम मीना व्यासपुरा, द्वितीय स्नेहा इकदिल, तृतीय राजकुमारी बीलमपुर रही। रैपिड फायर क्विज़ कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम अनिष्का, द्वितीय सोनम, तृतीय सीता रही। सभी लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवं विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने लाभार्थियों को शील्ड प्रदान की गई।

महिला दिवस पर विशेष

दिव्यांग एसोसिएशन कार्यालय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

# अपने-अपने क्षेत्र की प्रतिभावान महिलाओं व बालिकाओं को किया सम्मनित

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन के प्रेरणा सभागार में विधायक सदर सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।



सीओ आयुषी सिंह को सम्मानित करतीं विधायक व डीएम।



दिव्यांग महिलाओं के साथ बैठे कोतवाल यशवंत सिंह।

प्रदेश स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसका सजीव प्रसारण भी लाभार्थियों द्वारा देखा गया। उक्त कार्यक्रम में सदर विधायक एंव जिलाधिकारी द्वारा जनपद की मेधावी छात्राओं, खेलकूद एंव अन्य क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं/महिलाओं को पुरस्कृत एव सम्मानित किया गया, जिसमें पुलिस विभाग से आयुषी सिंह क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर, निर्मला सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, आकांक्षा, साधना सिंह, प्रियंका सिंह, हीरेश चौधरी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, साफिया अकबर, ललितेश, निशा, सुमन, ज्योति शर्मा, राजकुमारी माध्यमिक शिक्षा विभाग, सौम्या तिवारी, कनक, प्रतिभा यादव, शिल्पी रूहम सिंह, नीतू सिंह, प्रीती, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से गीता देवी, माधुरी देवी, सनोज, रश्मि सिंह, संध्या तथा पंचायतीराज विभाग से माडवी मिश्रा. बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग से पूजा राजपूत, आरती वर्मा, रजनी प्रभा, कीडा विभाग से संस्कृति वर्मा, टिवकल यादव, मुस्कान, बानी वर्मा, तनिष्का यादव व नगर पालिका परिषद इटावा से नीतू, आरती आदि को महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी अनुष्का, काजल बाथम, आयुषी, प्रतिभा सिंह को 5000 रुपये की धनराशि का स्वीकृत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, संध्यारानी बघेल जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीमा त्रिपाठी जिला पूर्ति अधिकारी, लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी, नीलम यादव जिला सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सूर्य नरायण पाण्डेय, विप्लव भूषण, दीपेन्द्र तोमर, अक्षय वर्मा, सोहन गुप्ता, अजित कुमार दुबे के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिव्यांग महिलाओं ने जिला विकलांग एसोसिएशन कार्यालय पक्का तालाब पर हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कोतवाल यशवन्त सिंह का एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जाटव, संतोष त्रिवेदी, ओमप्रकाश गुप्ता ने स्वागत किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि महिला ही समाज की मातृशक्ति है। संतोष त्रिवेदी ने कहा कि महिलाओं को संविधान में समान अधिकार प्राप्त हैं महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है।

कोतवाल यशवन्त सिंह ने सीमा मिश्रा, नीलम यादव, कुसुम लता, दीपाली, सीमा पाल, किरन, हरदम प्यारी, रुकसाना बेगम, सुनीता दुबे आदि महिलाओ को डायरी-पैन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जयप्रकाश धर्म सिंह, प्रमोद कुमार, यज्ञ शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## घर में घुसकर जमकर पीटा

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढकाताल निवासी प्रिया ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि 26फरवरी को जेठ विश्वनाथ प्रताप अपने सड़वाई के पुत्र आशिक अपने दोस्त विवेक के यहां जन्म दिन की पार्टी मे गया हुआ था जिस पर विवेक ने आशिक को अपने यहां रोक लिया। विश्वनाथ ने आशिक से घर चलने को कहा इसी बात पर विवेक नाराज हो गया। इसी बात को लेकर विवेक विश्वनाथ को गाली-गलौज करने लगा जिस पर वह घर वापस आ गया। उसी रात नामजद आरोपित दंपती के घर दो आटो में भरकर आये और जबरिया घर में गये हाथो मे लाठी डंडो लोहे की राड से महिला प्रिया, पति शिवपाल जेठ विश्वनाथ, रिंकी के साथ मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अंकुश, श्याम लाल, विवेक, धुव्र सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

## न्यूज ब्रीफ

### खण्ड संघचालक के निधन पर शोक सभा

**फफूंद, औरैया।** भाग्यनगर खंड के खण्ड संघचालक प्रशांत त्रिपाठी निवासी ग्राम पंचायत ककोर के दुखद निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा लवकुश वाटिका गेस्ट हाउस ककोर बुजुर्ग बम्बा चौराहा पर आयोजित की गयी। शोक सभा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ औरैया के व भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिसमें प्रमुख रूप से अनूप जिला प्रचारक, अखिलेश कटियार विभाग सह संपर्क प्रमुख, रणवीर जिला संघ चालक, सुभाष शुक्ला विभाग मार्ग प्रमुख, शिवाकांत खंड सहकारवाह, प्रखर नगर कार्यवाह, अनुराग दीक्षित मंडल महामंत्री दिबियापुर, योगी त्रिपाठी, गोविंद मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, योगेश त्रिपाठी, मृदुल त्रिपाठी, हरिओम त्रिपाठी जिला बौद्धिक प्रमुख, शिवाजी शुक्ला खंड प्रचार प्रमुख, सहित कई कार्यकर्ताओं व विश्व हिन्दू परिषद एवं भारतीय जनता कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, सदस्यों ने मृतक प्रशांत को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रधांजलि दी और शोकाकुल परिवार जनों के साथ मिलकर उनके दुखद निधन पर शोक-संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

**अछल्दा, औरैया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अछल्दा खंड का होली मिलन समारोह नहर कोठी पर धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवक बन्धुओं को सह जिला कार्यवाह श्यामू शुक्ला ने बताया कि संघ इस उत्सव को प्रतिवर्ष एकता, प्रेम, सौहार्द एवं समरसता दिवस के रूप में मनाता है। होली के रंगों में रंगकर जैसे हम सभी एकरूप हो जाते हैं। इसी प्रकार सामाजिक भेदभाव को भुलाकर सामाजिक एकता एवं समरसता के लिए हम सभी को काम करना है। खंड संघचालक राजीव यादव ने होली के पौराणिक महत्व के बारे में बताया और कहा आज का यह उत्सव नास्तिकता पर आस्तिकता की विजय का पर्व है। कार्यक्रम में सह संघचालक राजेश मिश्रा, खंड व्यवस्था प्रमुख गिरिराज गुप्ता, खंड सेवा प्रमुख जयसिंह यादव, खंड सामाजिक समरसता प्रमुख राजेश तिवारी, मंडल प्रमुख धर्म सिंह यादव, रविंद्र विक्रम सिंह गौर, अंकित सिंह राजावत, शौर्य वर्धन शाक्य, रितिक यादव, इंद्रजीत राठौर, रवि शर्मा, गिरेन्द्र सिंह यादव आदि स्वयंसेवक बंधु मौजूद रहे।

### माताओं की पूजा कर किया चरण वंदन

**जालौन।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर महिला सम्मान और उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया। नगर के एसबीडीएम इंटर कॉलेज में महिला दिवस के अवसर पर मातृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी माताओं का तिलक कर, चरण स्पर्श कर और पुष्प अर्पित कर उनका सम्मान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर भावुक और श्रद्धा से भरे वातावरण में बदल गया।

### लोगों की सेहत जांच कर दी सलाह

**कालपी जालौन।** महिला अधिकार संरक्षण संस्थान द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कानपुर, से आई विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा परीक्षण कर सलाह के साथ दवा भी दी गई। रविवार को सदर बाजार स्थित विद्या मन्दिर इंटर कालेज परिसर में महिला अधिकार संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. किरन श्रीवास्तव कानपुर, डॉ पिण्टू श्रीवास्तव आगरा और डॉ पवन कुमार कानपुर की टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कमियां पाए जाने पर उन्होंने दवा के साथ सलाह देते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नही होता है। इसलिए कामकाज के बीच में शरीर का भी ख्याल रखें। अन्यथा की स्थिति में धन दौलत कोई काम की नहीं आता है। इस दौरान अथिति के रूप में मौजूद कथाकार राम श्याम महाराज ने कहा कि विज्ञान की प्रगति के बाद भी प्रकृति अभी भारी है। इसलिए तनाव की जिंदगी ना जियें क्योंकि अनियमित खान पान और तनाव की वजह से शुगर और हृदय रोगी बढ़ रहे हैं, जिससे आदमी का जीवन खराब हो रहा है। इसलिए समय समय पर स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहें और डाक्टर की सलाह पर दवा भी लेते रहें। इस दौरान अर्चना गुप्ता,, रामप्रताप सेंगर, विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, हर्ष विश्नोई सहित बडी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग को देखा व सराहा

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में हुआ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में भव्य कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर, रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग की। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में सदर विधायिका, मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा विभिन्न महिला लाभार्थियो व आमजन द्वारा देखा व सुना गया।

सदर विधायक गुड़िया ने कहा यहां समाज में कुछ लोगों द्वारा महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। लेकिन, हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त करने का अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज में एक नई चेतना को लाना होगा और महिलाओं के उत्थान के लिए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर भी देना चाहिए जिससे महिलाएं सशक्त हो सकें। हम सभी का लक्ष्य समाज में सकारात्मक बदलाव वाला होना चाहिए। एक दिन तब होगा जब नारी शक्ति को नमन करके समाज आगे बढ़ेगा और महिलाएं बहुत ही सम्मान के साथ अपना जीवन यापन करेंगी। पहले के जमाने में महिलाओं को उचित सम्मान नहीं मिलता था। महिलाओं को केवल घर में काम करना था और बच्चों की देखभाल तक ही सीमित होकर रह जाती थी लेकिन आज ऐसा नहीं है हमारी बेटियां /महिलाएं समाज में एक नया इतिहास लिख रही हैं। जिन्होंने असंभव को संभव करके दिखाया है समाज में महिलाओं को सम्मान मिले आगे बढ़ें उसके लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है और रहेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सुशासन की ओर बढ़ रहा है महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। सदर विधायक ने कहा कि महिलाओं को सभी का सम्मान करना चाहिए और बच्चों को अच्छे संस्कार देते हुए आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जनपद में शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं उप्र बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में बेसिक, उच्च शिक्षा में कार्यरत महिला शिक्षिका, चिकित्सा के क्षेत्र में महिला डाक्टर, राजस्व विभाग के अन्तर्गत नायब तहसीलदार, एएनएम, आशा बहू, समूह सखी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, महिला सफाई कर्मचारी, महिला पीआरडी, महिला पुलिस, महिला होमगार्ड एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ ज्यवान्ट ग्रुप तथा जनपद में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली 10-10 हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य, परियोजना निदेशक, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नायब तहसीलदार, विभागीय कर्मचारी एवं लाभार्थी व आमजनमानस आदि मौजूद रहे।



प्रशस्ति पत्र देतीं सदर विधायक। अमृत विचार



दिबियापुर में रविवार को कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

# महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** नगर स्थित सरकारी व अर्धसरकारी संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा गया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं।

सरकारी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सीएचओ रजनी पाल, एएनएम पार्वती राजपूत तथा आशा कार्यकर्ता ममता देवी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. शिशिरपुरी, डॉ. शिखा राजपूत व डॉ. सऊद अहमद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

वहीं प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी ब्रजराज सिंह चौहान सहित विभागीय स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान विभाग में तैनात महिला कर्मचारियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं और विभाग की प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

इसके अलावा एनटीपीसी में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख शुभाशीष गुहा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष मंजरी गुहा ने उपस्थित महिलाओं को सम्मानित किया तथा केक काटकर कार्यक्रम मनाया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय व सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य, शिक्षिकाएं, एनटीपीसी की महिला कर्मचारी व संविदा पर कार्यरत महिलाएं मौजूद रहीं। इस दौरान महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान की सराहना की गई। वहीं जेंट्स ग्रुप ऑफ दिबियापुर सहेली द्वारा होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। एक दूसरे गुलाल लगाकर विश्व महिला दिवस हुआ, होली की बधाई दी। ग्रुप की सदस्य संगीता पौडवाल ने सभी सहेलियों से फूल की होली खेली।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य। अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के रामलीला मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने सहभागिता की। राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने इस अवसर पर क्षेत्र की प्रतिभाशाली महिलाओं को स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा एवं एलआईयू इंस्पेक्टर दीप सिंह को भी बेहतर कार्यशैली के चलते सम्मानित किया। रविवार को बिधूना कस्बे के रामलीला मैदान में राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य के द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा विशाल होली मिलन समारोह के आरंभ में राज्यसभा सांसद के द्वारा क्षेत्र की प्रतिभाशाली महिलाओं एवं किन्नर समाज की चकोरी बाई को स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना पी.पुनीत मिश्रा एवं एलआईयू इंस्पेक्टर दीप सिंह को उनकी बेहतर कार्यशैली के चलते स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि नारी शक्ति की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका रही है उन्होंने कहा कि वैदिक काल में भी नारी शक्ति का गौरवशाली इतिहास रहा है तथा मध्यकाल में भी मुगल काल के दौरान भी नारियों का अपना इतिहास रहा। उन्होंने कहा अंग्रेजों की गुलामी के दौरान भी नारी शक्ति ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की आजादी के इतिहास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### युवक ने सिपाही से की हाथापाई

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित 13-बी रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार शाम एक युवक नशे की हालत में रेलवे ट्रैक पर घूमता हुआ मिला।

आरपीएफ के कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह जब उसे ट्रैक से हटाने लगे तो युवक उनसे ही उलझ गया और कहासुनी करने लगा। आरपीएफ जवानों ने उसे पकड़कर ट्रैक से खींचकर फाटक के बाहर किया, लेकिन युवक ने आरपीएफ कर्मी की वर्दी पकड़ ली और छोड़ने से इनकार कर दिया, जिससे धक्का-मुक्की में वर्दी भी फट गई। इसके बाद युवक ने मौके पर पुलिस को देखकर हंगामा और नाटक करना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस ने युवक को समझाकर वहां से हटाकर छोड़ दिया।

# महावीर धाम से निकली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता फफूंद, औरैया

- श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**अमृत विचार।** नगर के ऐतिहासिक श्री महावीर धाम मंदिर परिसर से रविवार को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। गाजे-बाजे और जयकारों के बीच निकली इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

दोपहर लगभग दो बजे कथा पंडाल से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में परीक्षित सुरेंद्र कुमार तिवारी( गमनामऊ) पोथी सिर पर रखकर आगे चल रहे थे, जबकि उनके पीछे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा नगर के टाकीज रोड, कायस्थान, भराव, ऊंचाटीला होते हुए औरैया फफूंद मार्ग पर पहुंची। इसके बाद मोतीपुर, ताहरपुर और अछल्दा चौराहे पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था भी की। इसके बाद यात्रा अस्तल मंदिर, केशरवानी मोहल्ला, चमनगंज तिराहा और ख्यालीदास आश्रम होते हुए पुनः महावीर धाम मंदिर परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के अनुसार 9 मार्च से 15 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा।

जबकि 16 मार्च को हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी। कथा में आचार्य पंडित सत्य किशोर पाण्डेय भागवताचार्य (औरैया) दोपहर 1 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे, जबकि रात्रि 8 बजे से आचार्य पं. रामानुज ब्रह्मचारी (जालौन) रामकथा का वाचन करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करने की अपील की है।



फफूंद में कलश यात्रा निकलते श्रद्धालु। अमृत विचार

# कन्नौज में ट्रेन से कटकर औरैया के बुजुर्ग की मौत

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र के निवासी 70 वर्षीय हरिदत्त शुक्ला उर्फ बाबू शुक्ला की कन्नौज में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हरिदत्त शुक्ला शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने घर से कन्नौज के लिए निकले थे। उन्होंने परिजनों से कहा था कि वह दवा लेने जा रहे हैं। देर शाम कन्नौज पुलिस ने परिजनों को उनकी मौत की सूचना दी।



हरिदत्त शुक्ला

सूचना मिलते ही परिवार के लोग आनन-फानन में कन्नौज के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने शव की पहचान कराने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया है कि मृतक के बेटे की चौराहे पर जनरल स्टोर की दुकान है।

# महिला शिक्षा के लिए निकाली रैली

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** बेला रोड स्थित विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस ग्राम पुरवा जोरन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ लक्ष्यगीत से हुआ, जिसके बाद स्वयंसेवकों को व्यायाम कराया गया।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने ग्राम पुरवा जोरन में महिला शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली निकाली। रैली के दौरान "नारियों को पढ़ाना है, देश को आगे बढ़ाना है" और "सभ्य समाज की पहचान बनेगी, बेटियां पढ़-लिखकर देश की शान बनेंगी" जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को महिला शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर के द्वितीय सत्र में "डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा : संभावनाएं एवं चुनौतियां" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप ओमर ने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मोबाइल और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि समय-समय पर पासवर्ड बदलना, अनजान लिंक पर क्लिक न करना और व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखना साइबर सुरक्षा के लिए जरूरी है।

इस अवसर पर डॉ. यश कुमार, डॉ. विनोद कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु सहित स्वयंसेवक साक्षी पाण्डेय, अंजलि पाल, शिफा, आशिका दुबे, कंचन, मेघा, शाइना, रिया और सृजल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना रहा।

**आयोजन** ग्राम चमारी में माता प्रसाद पुस्तकालय के उद्घाटन पर लगा सभ्रांतजनों का जमावड़ा

# हमें बच्चों को चंद्रशेखर, लक्ष्मी बाई जैसा बनाना है : पाठक

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि आत्मबल व्यक्ति को ऊंचाइयों पर ले जाता है। आज सभी लोग अपने बच्चों को अधिकारी बनाना चाह रहे है। जरूरत आज चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मी बाई और मुंशी प्रेमचंद जैसा बनाने की भी है। यह बात उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी के गांव चमारी में आयोजित पुस्तकालय की शुभारंभ के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही।

प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि व्यक्ति चाहे जितनी ऊंचाइयों पर पहुंच जाए उसे अपनी कभी जमीन नहीं भूलनी चाहिए। प्रेरणा मुकाम हासिल कराती है जिनका जुड़ाव और लगाव अपने क्षेत्र से रहता है वह बेहतर ढंग से तो काम करते ही है साथ ही उनको आत्म संतुष्टि भी प्राप्त होती है। प्रगति करना अच्छी बात है लेकिन अपना बीता हुआ समय किसी को नहीं भूलना चाहिए।



पत्रकारों से बात करते डिप्टी सीएम।

अगर इरादे मजबूत हो तो कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से सब कुछ बदला जा सकता है ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम चमारी में जो पुस्तकालय भवन खोला गया है उससे क्षेत्र मंद निश्चित रूप से नई चेतना जागेगी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि आज के बदले हुए दौर में हर व्यक्ति अपने बच्चों को आईएएस आईपीएस सहित अन्य पदों पर बैठा हुआ देखना चाहता है लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि हमें अपने बच्चों को चंद्रशेखर आजाद लक्ष्मी बाई मुंशी प्रेमचंद जैसा बनाना होगा।

बुंदेलखंड का जो गौरवशाली इतिहास रहा है वह हमें बहुत कुछ सिखाता है। इस इतिहास को आगे और कैसे बढ़ाया जाए इस पर भी गौर करने की जरूरत है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने की भी माहिती आवश्यकता है। उन्होंने आयोजक सौरभ द्विवेदी वह उनके बड़े भाई अभय द्विवेदी की सराहना करते हुए कहा यह पुस्तकालय क्षेत्र की जनता के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### ज्ञान मानसिक परिवर्तन लाता है : कैलाश सत्यार्थी

**उरई जालौन।** नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि ज्ञान मानसिक परिवर्तन लाता है। माता प्रसाद पुस्तकालय जिस मंशा से खोला गया वह समाज में विवेक जागृत करेगा। साझा जिम्मेदारी से बुराई को समाप्त किया जा सकता है। बाल मजदूरी रोकने के लिए सरकार पर अकेला निर्भर रहना ठीक नहीं है हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझना होगा। यह बात उन्होंने ग्राम चमारी में पुस्तकालय भवन का उदघाटन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हम और हमारा परिवार बुंदेलखंड से जुड़ा है। भले ही हम विदिशा में जाकर बस गए हो लेकिन भाषा यहीं कि बोलते है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर आज कहीं बाल मजदूरी हो रही है तो हम भी उसके एक कारण है हम लोग अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते हैं। साझा जिम्मेदारी से ही बुराई को समाप्त किया जा सकता है। नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि ज्ञान मानसिक परिवर्तन लाता है। आज चमारी में जो पुस्तकालय जिस मनसा से खोला गया है वह समाज में विवेक जागृति करेगा। बुंदेलखंड का गौरवशाली इतिहास रहा है इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बच्चों का अधिक से अधिक विकास कैसे हो इसको लेकर समाज के सभी वर्गों को चिंतन के साथ काम करने की भी आवश्यकता है।



भारत विकास परिषद का होली मिलन समारोह। अमृत विचार

### भारत विकास परिषद के होली मिलन में उड़ा अबीर-गुलाल

**जालौन।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा का होली मिलन समारोह काशीनाथ में राकेश लाक्षाकार के आवास पर मनाया गया। कार्यक्रम में समाज में समरसता को बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई।

कार्यक्रम में संरक्षक सुनील गुप्ता ने कहा कि होली सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। होली पर्व आपसी भेदभाव को समाप्त कर भाईचारे को कायम करता है। महाराणा प्रताप साइंस इंटर कालेज के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि होली पर्व आपसी सौहार्द बनाए रखने और वैमनस्यता दूर करने का अवसर प्रदान करता है। दायित्वधारी महेश चौधरी एवं कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने होली गीतों के माध्यम से माहौल को रोचक बना दिया।

राकेश लाक्षाकार, नितिन लाक्षाकार, संतोष सोनी के चुटीले प्रसंगों व चुटकुलों ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। संचालन अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### होमगार्ड को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीते 26 फरवरी को ड्यूटी जाते समय बस स्टॉप में बोलेरो की टक्कर से घायल होमगार्ड की पत्नी ने बोलेरो व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी बसंत नगर की निवासी राजरानी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति होमगार्ड में है और बिवांर थाने में तैनात हैं। बीते 26 फरवरी को सुबह ड्यूटी जाते समय बस स्टॉप में तिपहिया वाहन पर बैठे थे पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो पलट गया और मेरे पति का पैर दो जगह से टूट गया।

### पत्थर से सिर फोड़ा

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम बिदोखर पुरई में खेत जा रहे युवक को बस स्टॉप के समीप युवक ने सिर में पत्थर मार कर सिर फोड़ दिया। बिदोखर पुरई निवासी राम गोपाल लखेरा ने बताया कि वह 5 मार्च को करीब 12 बजे खेत जा रहा था। बस स्टॉप में शारदा पुत्र मोहनलाल ने गाली गलौज करते हुए सिर में पत्थर मार कर सिर फोड़ दिया।

### दंपति लापता, पुलिस से लगाई गुहार

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव से एक दंपति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर लापता दंपति की बरामदगी की गुहार लगाई है। औंता गांव निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि उनका पुत्र अनुज कुमार (20) और बहू सोनू (19) बीते 28 फरवरी की रात करीब 11 बजे अचानक घर से बिना बताए कहीं चले गए। दंपति के लापता होने के बाद परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर उनकी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

### युवक ने घर में घुस किशोरी की साथ की छेड़खानी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के एक मोहल्ले में एक युवक ने घर में घुसकर एक किशोरी के साथ अश्लील हरकतें कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी के चीखने चिल्लाने एवं शोर मचाने पर आरोपी युवक ने किशोरी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। किशोरी की मां ने बताया कि रविवार को एक युवक उसके पति की गैर मौजूदगी में आपके घर में घुस गया। घर में मौजूद उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने लगा।

### परिषद की जिलाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

**हमीरपुर।** यूजीसी के विरोध में नई दिल्ली में होने प्रदर्शन में शामिल होने पहुंची अखिल ब्राह्मण एकता परिषद की महिला जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया है। जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। अखिल ब्राह्मण एकता परिषद की महिला जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने वायरल वीडियो में बताया कि यूजीसी बिल को लेकर विरोध में 08 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर विरोध प्रदर्शन करने कार्यक्रम पूर्व में घोषित किया था जिसको लेकर पूर्व डीआईजी पं.जुगल किशोर तिवारी व सवर्ण समाज के अन्य प्रदर्शनकारी प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे।

# नैंसी का यूपीएससी सिविल सर्विस में चयन, दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम बंडा (मवई) निवासी सहायक अभियंता चेतराम अहिरवार की पुत्री का यूपीएससी सिविल सर्विस में ऑल इंडिया रैंक 34 आने पर लोगों में खुशी है। बीआईटीईसीएच एचबीटीआई कानपुर से उपाधि प्राप्त की।


नैंसी।

बंडा गांव निवासी चेतराम अहिरवार की पुत्री नैंसी सिंह का वर्ष 2024 में यूपीएससी में चयन भारतीय रेल प्रबंधन सेवा में हुआ था। वहीं यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 में ऑल इंडिया रैंक 34 के साथ चयन हो गया।

नैंसी ने 12वीं तक की शिक्षा सीएमएस लखनऊ से पूरी की है। मौजूदा समय में परिवार सरोजनी नगर लखनऊ में रहता है। इनके पिता चेतराम अहिरवार मौजूदा समय में जनपद बांदा में सहायक अभियंता के पद पर तैनात हैं। नैंसी की मां जयश्री ग्रहणी हैं। वहीं इनके दादा सिद्धा बंडा गांव में रहते हैं। नैंसी के चयन पर घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

# बिजली विभाग से हटाए गए ऑपरेटर जाएंगे कोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** पावर हाउसों में एसएसओ के पद पर तैनात ऑपरेटर्स भूतपूर्व सैनिकों की एक बैठक की गई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों को हटाकर उनके स्थान पर विद्युत विभाग के टीजीटू कर्मचारियों की तैनाती का विरोध किया गया। सर्वसम्मति से मामले को न्यायालय ले जाने पर सहमति बनी। भूतपूर्व सैनिकों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। वे अब इस लड़ाई को न्यायालय के समक्ष लेकर जाएंगे। इस अवसर पर महेश यादव, अभिषेक शर्मा, संदीप सिंह, संतोष सिंह, राजकुमार, एसएस मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, बलबीर सिंह और रविंद्र राजपूत रहे।

# आत्मनिर्भर महिलाएं विकास की कड़ी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड के ग्राम बम्हरौली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कौशल विकास मंडल द्वारा एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें जिले लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिओम सोनी डीडीएम नाबार्ड रहे।

युवा कौशल विकास मंडल के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने महिलाओं को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और सशक्त महिला किसान - समृद्ध भारत का संदेश दिया। महिला किसान सरोज ने गीत के माध्यम से समानता के लिए आवाज बुलंद की। उपस्थित सभी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रश्न उत्तर के माध्यम से लाभकारी एवं जागरूकता के लिए सवाल जवाब पूछे गए एवं जीतने वाली 5 महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।


आयोजित सेमिनार में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिओम सोनी ने महिलाओं को बैंक एवं सरकारी योजनाओं के माध्यम से हक अधिकार की बात रखी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपनिरीक्षक मोहम्मद महफूज व रामलाल यादव एवं महिला कांस्टेबल निशा यादव, हेड कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह सभी ने भी महिलाओं के सम्मान में सशक्त और आत्मनिर्भर के लिए अपनी बात रखी। कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ता दीपराज, अवधेश, अरविन्द, हरिओम, प्रदीप, द्रोण, श्रीचंद्र, विपिन, राजेश, प्रमोद, पुष्पेंद्र इत्यादि सभी उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग के नोटिस की अवधि पूर्ण, कब्जा धारकों की धड़कनें बढ़ीं

## हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सिंचाई विभाग ने जारी की थी नोटिस

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में सिंचाई विभाग की बंधी को क्षतिग्रस्त करके आलीशान मकान, दुकान, ऑफिस बनाने के बाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन के लिए सिंचाई विभाग द्वारा दी गई नोटिस की समय अवधि पूर्ण होते ही कब्जा धारकों की धड़कनें बढ़ने लगी हैं। सभी की निगाहें सिंचाई विभाग के अगले कदम की ओर लग गई है। सिंचाई विभाग का अगला कदम कब उठता है यह अभी भविष्य के गर्त पर है।

कस्बे की सिंचाई विभाग की बंधी संख्या 2 में कस्बे के एक सैकड़ा लोगों ने दो दशक से कब्जा जमा रखा है। इस कब्जे को हटाने के लिए सरीला तहसील के रहटिया गांव निवासी श्याम बाबू यादव ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। वर्ष 2021 में दाखिल हुई इस याचिका को सुनते हुए न्यायालय ने सिंचाई विभाग से रिपोर्ट मांगी थी। सिंचाई विभाग ने 95 लोगों को चिन्हित करके रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने कब्जा ध्वस्तीकरण के आदेश नवंबर 2021 में दिए थे। इस आदेश के अनुपालन के लिए प्रशासन ने न्यायालय से 6 माह का समय मांगा था। न्यायालय ने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद प्रशासन ने आदेश को अलमारी में बंद कर रखा था। जनवरी माह में कस्बे में हुए लव जिहाद की घटना के बाद सिंचाई विभाग की बंधी पर कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आया क्योंकि जिस इंडियन उर्फ इंडिया लाज में घटना को अंजाम दिया गया है। वह भी बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। घटना के बाद पुलिस ने लाज को बंद कर दिया और सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर कब्जे में ले रखी है। मामला सुर्खियों में आने के बाद सक्रिय हुए सिंचाई विभाग महोबा ने कब्जा धारकों को 20 फरवरी को कब्जा हटाने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया। इसकी समयावधि 7 मार्च को पूर्ण हो गई है। नोटिस की अवधि पूर्ण होने के बाद कब्जा धारकों की धड़कनें तेज होती जा रही हैं। एसडीएम सदर केडी शर्मा ने बताया कि सिंचाई विभाग की नोटिस के बाद अब एक नोटिस उनकी अदालत से जारी किया जाना है। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी।


सिंचाई विभाग की बंधी पर अस्थाई कब्जा। अमृत विचार

- सिंचाई विभाग की बंधी पर अस्थाई कब्जे का मामला

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बे के मराठीपुरा मोहल्ले के छोटी मंदिर प्रांगण में रविवार से शुरू हो रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कथा व्यास भागवत प्रसाद महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गयी।

परीक्षित बने सावित्री जगदीश धुरिया ने कथास्थल से निकाली गयी कलश शोभायात्रा में शामिल 101 कन्या व महिलाओं के द्वारा भव्य झांकियों व डीजे की धुन पर नाच गान के साथ जयकारा लगाते हुए थाना चौराहा, मलीकुआ चौराहे से तहसील रोड़, गांधी विद्यालय से सम्पूर्ण कस्बे में भ्रमण करने के साथ ही छोटी मंदिर पहुंच वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश भर कथा स्थल पर पहुंची। जिसके बाद कलश स्थापित किये जाने के साथ ही देर शाम कथा की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर रिंकू चौरसिया, रमेश, मोहन धुरिया, अशोक धुरिया सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**कलश यात्रा में श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब : सुमेरपुर।** कस्बे के तपोभूमि में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बैंड बाजों की मधुर धुनों के बीच पीताम्बर वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुईं। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर कथा व्यास पंडित दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने विधि-विधान से कलश पूजन कराया। इस दौरान उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की राह दिखाती है। भगवान की कथा सुनने और सुनाने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर परीक्षित कल्पना लखेरा, ओमप्रकाश लखेरा आदि रहे।

# नदी में नहाने के दौरान मासूम बच्चा डूबा, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** अमृत विचार। जलालपुर थाने के बिलगांव में रविवार को नदी में नहाने गए बच्चों में एक 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बिलगांव के कुछ बच्चे रविवार की दोपहर को नदी में नहाने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान 12 वर्षीय बालक आशीष पुत्र सुधाचंद्र निवासी बिलगांव अचानक गहरे पानी में डूब गया। जिसके बाद आशीष को डूबता हुआ देखकर साथ में मौजूद बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बच्चे की तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर जलालपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से काफी देर तक नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। काफी मशक्कत के बाद बालक का शव नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

# राठ में इंद्रपाल बने ग्रामीण सफाई कर्मी संघ के अध्यक्ष

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मी संघ ब्लाक राठ का चुनाव ब्लाक परिसर में संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान सफाई कर्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान हुआ। चुनाव अधिकारी हरिदास सरीला, सहायक निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल, दिलीप कुमार और शारदा प्रसाद की देखरेख में मतदान हुआ। 62 सदस्यीय सदस्यों में 61 सदस्यों ने वोट डाले।

दोपहर बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार इंद्रपाल श्रीवास ने जीत दर्ज कराई। इंद्रपाल को 31 और जयंती अहिरवार को 29 मत मिले। इसी तरह से ब्लॉक मंत्री पद के लिए सर्वेश कुमार साहू को 34 और प्रेमनारायण 27, कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र सिंह जाटव को 32 और परमेश्वरी दयाल को 28, संगठन मंत्री पद के लिए हरिकिशन को 32 और चंपा रानी 28, सम्प्रेक्षण पद के लिए कौशल किशोर और इदरीश को 30-30 मत मिले। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चार मत अवैध घोषित किए गए। चुनाव के दौरान जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, मनीराम इटौरा, मूलचंद कुशवाहा, उपदेश लोधी, हरीसिंह, पीर खां, शेर अली आदि रहे।


नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंद्रपाल को माला पहनाकर जीत की बधाई देते कर्मी। अमृत विचार

# मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य चिकित्सा मुहैया उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रत्येक रविवार को क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीण को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

सूबे के मुखिया के निर्देशानुसार रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला बूढ़े बच्चे जवान मजदूर आदि लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंच टीकाकरण डीपीडी टीवी डायरिया बुखार आदि के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ दिया गया। आरोग्य मेला अरतरा में 16, करहिया में 28, नायकपरवा में 26, भभई स्वास्थ्य केंद्र में 22, सिसोलर में 33, भभई में 21 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर चिकित्सक आदित्य मोहन अवस्थी, फार्मासिस्ट गोविंद, राधेश्याम ,विजय, एनम वंदना, रश्मि तिवारी, मधुपाल, वार्डबॉय कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे। मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है रात में सर्दी दिन में गर्मी के कारण बीमारियां धीरे-धीरे बढ़ गई।


आरोग्य मेले में मरीज का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

### आरोग्य मेले में 23 मरीजों का हुआ उपचार

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के पारा पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 23 मरीजों का उपचार किया गया। क्षेत्र के पारा पीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर विहीन होने पर फार्मासिस्ट के सहारे चल रहे है। वही आरोग्य मेले में घंटों मरीजों का इंतजार करते रहे फार्मासिस्ट। मेले में 23 मरीजों का उपचार किया गया। 03 लोगों की शुगर की जांच की गई, 07 लोगों की खून जांच की गई और 040 लोग का ब्लड ग्रुप की जांच की गई। आरोग्य मेले में फार्मासिस्ट आनंद स्वरुप, स्टॉफ नर्स रश्मि आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने बाबूलाल

**बिवांर(हमीरपुर)।** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में बाबूलाल ने दस मतों से जीत दर्ज की। वहीं तीन पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध रहे।

मुस्करा के सभागार में रविवार को ब्लॉक इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद में बाबूलाल प्रजापति और रामनरेश भारती प्रत्याशी थे। जिसमें कुल 60 मत में बाबूलाल प्रजापति को 35 मत प्राप्त हुए। वही रामनरेश भारती को 24 मत मिले। बाबूलाल प्रजापति 10 वोटों से दूसरी बार अध्यक्ष पद पर विजय रहे। मंत्री पद के लिए दो उम्मीदवार बलवान और फूलचंद आमने-सामने थे। जिसमें बलवान को 28 मत और फूलचंद को 32 मत प्राप्त हुए। फूलचंद ने चार मतों से विजय पाई। मोतीलाल वर्मा कोषाध्यक्ष, राम मनोहर निषाद संगठन मंत्री व अवधेश कुमार संप्रेक्षक पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। यह चुनाव निर्वाचन अधिकारी चंद्रभान, चंद्रपाल, सुरेश कुमार, राजू सट्टा की देखरेख में संपन्न हुआ। जीते हुए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील कुमार व जिला महामंत्री आसाराम कुशवाहा मौजूद रहे।


नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस** — जगह-जगह हुए कार्यक्रम, बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

# हाईस्कूल, इंटर में टॉप करने वाली 20 छात्राओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद की मेधावी छात्राओं, खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं / महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। राजकीय डिग्री कालेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लिंग आधारित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को रोकने एवं बालिकाओं की बेहतर सुरक्षा तथा शिक्षा को बढ़ावा देने, लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों पर विचार व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम में विधायक सदर डॉ.मनोज प्रजापति, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी इंद्रपाल सिंह मौजूद रहे। लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट टॉप टेन की सूची में स्थान प्राप्त 20 बालिकाओं को विधायक सदर डॉ.मनोज प्रजापति एवं जिलाधिकारी घनश्याम मीना की ओर से 5000-5000 रुपये की नकद धनराशि (डमी चेक) एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बालिकाओं को प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला कल्याण विभाग में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों को भी सम्मानित किया।


मंच पर सम्मानित छात्राएं व मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### बालिकाओं के प्रयास अनुकरणीय : सचिव

**कुरारा (हमीरपुर)।** समर्थ इण्डिया द्वारा कुरारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरौंज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार पांडेय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छेदालाल योद्धा प्रधान खरौंज ने की। इस मौके महिलाओं लड़कियों को सम्मानित किया गया। तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत समर्थ इण्डिया द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समान अधिकार समान अवसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों को समझें। कर्तव्यों और अधिकारों का समावेशी इस्तेमाल के प्रति सजग रहे। जानकारी जागरूकता के मौके तलाशे। ग्राम प्रधान छेदलाल योद्धा ने कहा पंचायत ने महिलाओं के हित में अनेक प्रयास किए है। इस मौके पर लर्निंग एंड अवेयरनेस सेंटर कुतुबपुर की सिमरन ऋचा, खरौंज की यशोदा, मौसम परियोजना की क्लाइमेट वॉरियर अंजली को उस दौरान सम्मानित किया गया उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पांडेय और ग्राम प्रधान खरौंज छेदलाल योद्धा द्वारा सम्मानित किया गया।


जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते सचिव।

# ईदुल फितर खुशी और आपसी भाईचारे का पर्व

**हमीरपुर।** ईदुल फितर मुसलमानों के लिए खुशी, शुक्र और आपसी भाईचारे का पवित्र पर्व है। इस मौके पर अपनी खुशियों में गरीबों, जरूरतमंदों रिश्तेदारों और पड़ोसियों को शामिल करना इस्लाम की अहम तालीम है।

मौलाना मुहम्मद इकरार अहमद कादरी बरकाती ने बताया कि सदका-ए-फितर हर उस मुसलमान पर वाजिब है जो मालिक-ए-निसाब हो। बेहतर यह है कि इसे रमजान के मुकद्दस महीने में ही अदा कर दिया जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद भी ईद की खुशियों की तैयारी कर सकें। अगर रमजान में अदा न किया जा सके तो ईद की नमाज के लिए जाने से पहले हर हाल में अदा कर दिया जाए। मौलाना ने बताया कि सदका-ए-फितर हर उस मुसलमान मर्द और औरत पर वाजिब है जिसके पास अपनी बुनियादी जरूरतों से ज्यादा माल हो और जो निसाब का मालिक हो। निसाब की मात्रा साढ़े बावन तोला चांदी या साढ़े सात तोला सोना, या उसके बराबर कीमत है। उन्होंने कहा कि शहर हमीरपुर में आम तौर पर प्रति व्यक्ति लगभग 70 से 75 रुपये सदका-ए-फितर अदा किया जाता है।

घर का जिम्मेदार व्यक्ति अपने परिवार के सभी सदस्यों की ओर से इसे ईदुल फतर की नमाज से पहले अदा कर दे, यही अफजल तरीका है। यह सदका रोजो में होने वाली कमियों की भरपाई का जरिया भी बनता है। मौलाना ने बताया कि रमजान के इस पाक महीने में खास तौर पर यतीमों, मिस्कीनों, ज़रूरतमंदों और बेवाओं का ख्याल रखें और उनकी बढ़-चढ़कर मदद करें।

# संदिग्ध हालात में युवक की गई जान

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव में मजदूरी करने के लिए अपने रिश्तेदार के साथ आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई।

जरिया थाने के कछवा कला गांव निवासी मोहम्मद आलम 28 पुत्र गुलाब बीते करीब चार दिनों से राठ तहसील क्षेत्र के मझगवां थाने के खिरिया गांव में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां रहकर मजदूरी संबंधित काम कर रहा था। मृतक युवक के रिश्तेदार ने बताया कि रविवार को वह मोहम्मद आलम को कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव में मजदूरी संबंधित काम के लिए ले गया था। बताया कि वहां पहुंचते ही मोहम्मद आलम की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते हालात बिगड़ गई। जिसके बाद वह उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद आलम मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## न्यूज ब्रीफ

### 335 परीक्षार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**महोबा।** अटल आवासीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश परीक्षा रविवार को निर्धारित परीक्षा केंद्र पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज महोबा में नकलविहीन, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराई गई। परीक्षा में श्रमिकों और कोविड में अनाथ हुए बच्चों में से 335 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम अछरौड़, ब्लॉक बड़ोखर खुर्द जनपद बांदा और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 की महामारी दौरान अनाथ हुये और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 06 में कुल 160 और कक्षा 09 में कुल 62 उम्मीदवारों को प्रवेश दिये जाने के लिए प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे। बताया कि इस परीक्षा में पात्र पाये गए कुल 343 उम्मीदवारों के सापेक्ष 335 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए।

### किन्नर के साथ छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के मुटनी गांव निवासी किन्नर मुस्कान एक सप्ताह पहले अपने साथी चंदा से मुलाकात करने के लिए उमरी गांव गया था। वापस आते समय रास्ता में करबा निवासी सत्यम ने अपने साथी के साथ मिलकर किन्नर से छेड़खानी की थी। विरोध करने पर सत्यम विश्वकर्मा ने मारपीट की थी। किन्नर ने उसके खिलाफ छेड़खानी व मारपीट किए जाने की थाना में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सत्यम की तलाश में जुट गई थी। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### पति के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के विभूनी गांव निवासी आसमां पत्नी इसराइल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मायका जनपद जालौन के भांगड़ा जिगनी गांव में है। चार साल पहले शादी के होने पर एक पुत्र है। अपनी बहन से फोन से बातचीत करने पर पति को दूसरे युवक से बातचीत करने का शक करते हुए अभद्रता पर जमकर थप्पड़ घूंसों से मारपीट की। महिला ने पति खिलाफ थाना में तहरीर दी है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है, जांच कर पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार चलाने के साथ प्लेन भी उड़ा रहीं

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

कार्यालय संवाददाता, महोबा



गोष्ठी को संबोधित करते डाक्टर। अमृत विचार

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला अस्पताल में गोष्ठी

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के डॉ. एसके वर्मा ने कहा कि आज दुनिया भर में महिलाओं की प्रतिभा को सराहा जा रहा है और भारत भी इसमें पीछे नहीं है। उन्होंने बताया कि महिलाएं आज पुरुष प्रधान क्षेत्रों जैसे टेक्सटाइल, रक्षा, कृषि और टेक में बराबर की हिस्सेदारी निभा रही हैं और न केवल आत्मनिर्भर बनकर परिवार चला रही हैं, बल्कि फाइटर प्लेन उड़ाने और सुरक्षा बलों में भी कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। यह लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण है।

डॉ. वर्मा रविवार को जिला अस्पताल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला सशक्तिकरण पर आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। अभिभावकों को भी अब बेटे और बेटी में कोई अंतर नहीं करना चाहिए। दोनों की समान शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. अमिता सिंह ने कहा कि एक सशक्त और शिक्षित महिला ही एक संस्कारी समाज का निर्माण कर सकती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाना और उन्हें मानसिक व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना ही इस आयोजन की सफलता है।

गोष्ठी में अस्पताल की महिला कर्मचारियों और वहां मौजूद आम महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। अब महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए।

महिलाएं ट्रेन, हवाई जहाज उड़ाने के साथ साथ चांद तक का सफर कर चुकी है। कार्यक्रम दौरान अस्पताल प्रशासन ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की। यह पहल निश्चित रूप से महिलाओं में आत्मविश्वास भरने का काम करेगी।

## समाज में बदलाव लाने वाली महिलाएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, महोबा



प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को विकास भवन सभागार में मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में बदलाव के लिए प्रयासरत महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। साथ ही लखनऊ में मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर अधिकारियों के अलावा भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

विकास भवन में आयोजित मेगा इवेंट के माध्यम से समाज में बदलाव के लिए प्रयासरत महिलाओं जैसे नवाचारों, तकनीकी, शिक्षा, कौशल विकास स्वास्थ्य आदि का प्रयोग कर समाज या अपने जीवन में बदलाव लाने वाली महिलाओं, समाजसेवी और समाज की रूढियों, पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर सफल जीवनयापन करने वाली महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उक्त के साथ ही जनपद में विगत 10 दिनों के अन्दर जन्मी नवजात बालिकाओं को बेटी किट इत्यादि का वितरण किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जूपिटर हॉल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के भाषणों को उपस्थित महिलाओं ने सुना।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और साहस से नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, कनिष्ठ सहायक के अलावा महिला कल्याण विभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। मंच का संचालन शिक्षिका अपर्णा नायक ने किया।

## जेल में हुआ महिला जागरूकता कार्यक्रम

**महोबा।** ब्रह्माकुमारीज़ के तत्वावधान में जिला जेल के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को विशेष शिविर का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बीके सुदामा बहन ने वन्दे मातरम् का अर्थ समझाते हुए कहा कि महिलाएं शक्ति, संस्कार ओर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभातीं हैं। आज तक हम यही कहते या सुनते आए हैं कि नारी नर्क का द्वार है लेकिन परमपिता परमात्मा ने नारीशक्ति को मजबूत बनाया और वह इस कार्य को नारीशक्ति द्वारा बखूबी करा रहे है।

कहा कि आध्यात्मिक भाषा में नारी ही स्वर्ग के द्वार खोलने के निमित्त बनती है। नारी जब जग जाएगी, स्वर्ग धरा पर लाएगी। परमपिता शिव परमात्मा नारीशक्ति एवं शिवशक्तियों ने इस पतित, भ्रष्टाचारी दुनिया को पावन श्रेष्टाचारी दुनिया का शुभकार्य करा रहे हैं और बहुत ही जल्दी यही सृष्टि सतयुग के रूप में परिवर्तन होगी, जिसमें हर नारी दिव्य गुणों से सुशोभित एक लक्ष्मी के रूप अपने जीवनकाल को जीएगी।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

### कुछ दिन पहले विवाहिता ने लगाई थी फांसी, इलाज के बाद घर आई थी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मोर्चरी के बाहर खड़े पुलिसकर्मी व परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनवाड़ी क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका ने कुछ दिनों पहले किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था, जिसका ग्वालियर में इलाज कराने के बाद वापस ससुराल आ गई, लेकिन अचानक उसके पेट में दर्द हुआ और उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है।

मृतका के ससुर डालचंद्र ने बताया कि कमलेश ने अज्ञात कारणों से कुछ दिनों पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया गया और वहां से डाक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज और बाद में ग्वालियर रेफर किया गया था। करीब एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद कमलेश की स्थिति में सुधार हुआ और डाक्टरों ने उसे घर वापस भेज दिया। बताया कि बीती रात कमलेश का पेट दर्द करने लगा और अचानक फूलने से उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी।

ससुरालीजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसका परीक्षण करने के कमलेश को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पनवाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस ने बताया कि मामला संदिग्ध है, इसलिए पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण ज्ञात हो सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

## एक महीने से लापता युवक महोबा से बरामद

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव से तकरीबन एक माह से लापता युवक दिनेश को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की टीम ने पड़ोसी जनपद महोबा से सकुशल बरामद कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। युवक के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

करहिया गांव निवासी दिनेश करीब एक महीने पहले अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए आरोप लगाया था कि एक कथित महिला के बहकावे में आकर युवक घर छोड़कर चला गया है और महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की टीम ने युवक की तलाश शुरू की।जिलाध्यक्ष अंकित कुशवाहा के नेतृत्व में टीम की सदस्य पार्वती कश्यप व उनकी टीम ने सतर्कता दिखाते हुए युवक को महोबा जनपद से बरामद कर लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एसडीएम ने सीएचसी पनवाड़ी का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष साफ-सफाई आदि का लिया जायजा
- सीएचसी में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर और सही उपचार दें



सीएचसी पनवाड़ी का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी का उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरीक्षण दौरान ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों व स्टाफ से जानकारी हासिल करते हुए संबन्धित रजिस्टरों के अलावा दवा का स्टाक देखा। एसडीएम ने आए हुए मरीजों से स्वास्थ्य संबंधी मिलने वाली सुविधाओं के बावत पूछा साथ ही चिकित्सकों व स्टाफ को आने वाले प्रत्येक मरीजों को समुचित उपचार किए जाने के निर्देश दिए।

एसडीएम कुलपहाड़ ने सीएचसी पनवाड़ी का निरीक्षण करते हुए दवा स्टाक रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर, इमरजेंसी रजिस्टर को देखा, जिसमें प्रत्येक दिन की क्रमवार इंट्री लिखी पाई गई। इसके बाद उन्होंने दवा स्टाक को देखा और स्टाक कम होने पर दवा को मंगवाए जाने के सीएचसी चिकित्सक को निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बावत जानकारी लेते हुए संबन्धित चिकित्सक और स्टाफ से कहा कि सीएचसी में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय और सही उपचार दिया जाना आपका कर्तव्य है, जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण दौरान एसडीएम ने ओपीडी कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही अस्पताल परिसर की साफ सफाई पर नजर डालतेह हुए सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात डॉ. राहुल वर्मा और डॉ. अभिषेक सिंह से व्यवस्थाओं के बावत जानकारी ली। इस औचक मौके पर अस्पताल में बीपीएम वसीम बेग, उपेंद्र, सरिता, वीना सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## पर्व, परीक्षाओं को लेकर लागू रहेगी धारा 163

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अपर जिला मजिस्ट्रेट कुंवर पंकज ने जारी किए आदेश

**अमृत विचार।** जिले में आगामी त्योहोर, पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती व यूपी व सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा वर्तमान में संचालित है। उक्त अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह बंद एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान पर किसी भी समय घटनाओं को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर सकते है। ऐसी स्थिति में जिले की समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशांति सहित लोक व्यवस्था व जन सुरक्षा कायम रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 को 31 मार्च तक लागू कर दिया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट कुंवर पंकज ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि धारा 163 के अंतर्गत जिले में किसी भी स्थल पर समक्ष प्राधिकारी की अनुमति के पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे, लेकिन परंपरागत पूजा स्थल, परिवार सहित त्योहर मनाने, मेला, शव यात्रा व विवाह आदि समारोह में यह धारा लागू नहीं होगी। बताया कि कोई भी व्यक्ति राजनैतिक दल व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट सहित सभी सार्वजनिक स्थल, अर्द्ध सरकारी व अन्य कार्यालयों पर किसी भी प्रकार का लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारण यंत्र का प्रयोग बिना अनुमति के नहीं करेंगे।

# मधुमक्खियों के हमले से राजस्व निरीक्षक सहित दो जख्मी

कार्यालय संवाददाता महोबा



जिला अस्पताल में घायल को देखने के लिए जुटे कर्मचारी और परिजन।

- अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम चिचारा में एक खेत की नाप करने गई थी टीम

**अमृत विचार।** मधुमक्खी के हमले से एक राजस्व निरीक्षक समेत दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों घायलों को बचाने के लिए साथी कर्मचारी दौड़ पड़े और घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई पहुंचाया। जहां से उन्हें चिकित्सकों ने जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार विवेक कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और मधुमक्खी के हमले से बुरी तरह घायल राजस्व निरीक्षक का हाल-चाल जाना।

कस्बा पनवारी निवासी देवकीनंदन अग्निहोत्री तहसील महोबा में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात है अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को राजस्व विभाग की टीम ग्राम चिचारा एक खेत की नाप करने पहुंची। खेत की नाप करते समय पेड़ में लगे मधुमक्खी ने राजस्व विभाग की टीम पर अचानक हमला कर दिया जिससे टीम के सभी सदस्य भाग गए। भागते समय राजस्व निरीक्षक मधुमक्खी के हमले की चपेट में आकर गिर गये।इसके बाद मक्खियों ने चारों तरफ से हमला शुरू कर दिया यह देखकर एक राजस्व कर्मचारी साथी ने उन्हें बचाया और बाहर निकाल कर ले आया। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर मधुमक्खियां को भगाया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई भेजा।

मधुमक्खियां के हमले के दौरान खेत के पास से निकल रहे सोलर कंपनी के पुष्पराज नाम के एक युवक को भी मधुमक्खियां ने घायल कर दिया। रजत विभाग की टीम पर मधुमक्खियां के हमले की सूचना मिलते ही तहसीलदार महोबा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल से बातचीत की इसके अलावा तमाम लेखपाल कानून गोवा अन्य रजत भाग के कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंच गए डॉक्टरों की टीम भी इलाज में जुट गई।

**रमजान** | मां-बाप को देखकर छोटे बच्चे रख रहे हैं रोजा

# रोजे को लेकर दिखता है लोगों में जज्बा

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**08** साल के बच्चे भी रख रहे रोजा

- गरीबों की मदद करने का महीना है रमजान

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान में रोजा रखने को लेकर अब लोगों में खासा जज्बा दिखने लगा है। हालत यह है कि 8 से 10 साल के बच्चे घर में परिवार के लोगों को रोजा रखते देखकर रोजा रखने लगे हैं। मां बाप के लाख मना करने के बाद भी बच्चों ने पहला दूसरा रोजा रख लिया। अब कुछ बच्चे लगातार रोजे रख रहे हैं। युवाओं के साथ साथ महिलाओं और पुरुष भी पहले के अपेक्षा अब ज्यादा रोजे रखते हैं। स्थिति यह है कि जिन घरों में छोटे बच्चे नहीं है, वहां पर तो सब लोगों के रोजा रखने के कारण सुबह चूल्हा ही नहीं जलता।

पवित्र माह रमजान इबादत तिलावत और नेक काम करने का महीना होने के कारण लोग इबादत तिलावत में अधिक ध्यान दे रहे हैं, जिसके चलते मस्जिदें नमाजियों से भरी रहती हैं। महिलाएं भी घरों पर रोजा रखकर इबादत में अधिक मशगूल रहती हैं। रमजान माह की नेकियों की फजीलत सुनकर ज्यादातर रोजेदार झूठ बोलने, गुनाह करने और चुगली करने से अपने आप को बचाते है। इस माह में एक नेकी के बदले 70 गुना सवाब मिलने से लोग नेक काम करने का प्रयास करते हैं।

नेकियों का सवाब अधिक मिलने के कारण ज्यादातर लोग इसी माह में गरीबों की मदद उनके कपड़ों व अन्य इंतजाम करने में पैसा खर्च करते है, इतना ही नहीं किसी गरीब, यतीम बच्ची की शादी के लिए इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इमदाद करते हैं, जिसके चलते गरीब वर्ग के लोगों की भी अन्य लोगों की तरह हंसी खुशी के साथ ईद का त्योहार मन जाता है।

### बेशुमार नेमत लेकर आता रमजान



रमजान माह बेशुमार नेमते लेकर आता है। इस मुबारक माह में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ कर देते है। इस माह में इतनी बरकत होती है कि हर घर में लोग हंसी खुशी के साथ ढेर सारी नेमतें रखकर रोजा इफ्तार करते हैं। इफ्तार के समय उनके सामने किसी चीज की कमी नहीं रहती है।

-हाफिज अकबर अंसरी



इस महीने में पड़ने वाली लैलतुल कद्र रात की बेइंतहा फजीलत है, इस रात में सबेकद्र मनाई जाती है। लोग सबेकद्र की रात पूरी इबादत तिलावत में जाग कर गुजारते हैं। इस रात में मांगी जाने वाली मुरादों को अल्लाह पूरी करता है। लोग अल्लाह से अपने गुनाहों से तौबा करके मगफिरत की दुआ करते हैं।

-हाफिज राहत रजा



रमजान का महीना रहमत बरकत और मगफिरत का होता है। इस माह में अल्लाह अपने बंदों के मांफी मांगने पर उसकी गलतियों को माफ कर देता है। लोग रमजान आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। यह माह खुशहाली का होता है।

-जलील खां



बेइंतहा नेकियों का सवाब मिलने वाले इस महीने में मुस्लिम बाहुल इलाके देर रात तक गुलजार रहते हैं। महीनों मस्जिदों में न जाने वाले लोग भी आज कल इबादत तिलावत में जुटे हैं। नौकरी पेशा लोग भी नौकरी करने के साथ साथ रोजे रखकर नमाज पढ़ रहे हैं।

-मकबूल हुसैन

## आपसी भाईचारे का संदेश देता होली पर्व : एडीएम

**महोबा।** अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इस पर्व पर बुराइयों को भूल कर अच्छाइयों पर ध्यान देना चाहिए। एक दूसरे को गिले शिकवे भुलाकर होली पर्व पर गले मिलने की इस त्योहार से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसे सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर एक साथ मनाते हैं और होली की खुशियों में शामिल होते हैं। होली मिलन समारोह के मौके पर गीत संगीत के बीच अबीर गुलाल उड़ाकर उपस्थित लोगों ने होली मिलन का जमकर आनंद लिया। अपर जिलाधिकारी रविवार को प्रेस क्लब के तत्वावधान में रामकुंड गौशाला परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों में इस दौड़ भाग भरी जिंदगी के बीच हंसने और मौज मस्ती करने का मौका मिलता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है ।

# जहां क्षमा है वहां परमात्मा का वास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में प्रस्तुत किए गए भजन
- 'नाहक रंग न डारो, घरै न प्रीतम प्यारो'



कार्यक्रम में भजन की प्रस्तुति देते कबीर भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को कबीर आश्रम में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 18 के श्लोक की व्यख्या करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि केवल भक्ति मार्ग से मुझे सरलता से प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन भक्ति करना कठिन कार्य है।

डॉ. अनुरागी ने कबीर दोहा सुनाते हुए कहा कि कामी क्रोधी लालची इनसे भक्ति न होय, भक्ति करे कोई सूरमा जो जाति वरन कुल खोय। पंडित हरीशंकर नायक ने कहा कि जहां क्रोध होता है वहां काल रहता है, जहां क्षमा होती है वहां परमात्मा का वास होता है। इसलिए मनुष्य को क्रोध का त्याग कर क्षमाशील बनना चाहिए। क्षमा करना ही सच्चा धर्म है और यह हमारे भीतर ईश्वर का निवास सुनिश्चित करता है। क्रोध विनाश की ओर ले जाता है, जबकि क्षमा आध्यात्मिक विकास का मार्ग है।

सत्संग में अधिवक्ता मदनपाल ने कहा कि हमें दूसरों को ठगना नहीं चाहिए, चाहे स्वयं ठग जाओ। जैसे कि कबीर ने कहा कि कबीरा आप ठगाइये और न ठकगए कोय, आप ठगे सुख उपजे और ठगे दुख होय। पंडित जगदीश रिछारिया ने भजन प्रस्तुत किया कि आयो कहां से घनश्याम, रैना बिताई किस धाम हाय राम, मैं ना कहूं कुछ मोसे ना रुठो, तुम खुद अपने जियरा से पूछो। रामौतार सेन ने फाग नाहक रंग न डारो घरै न प्रीतम प्यारो सुनाई। परमलाल ने राष्ट्र भक्ति गीत हमारी भारत मात का दर्शन करले ये संसार सुनाया। इस मौके पर कामता प्रसाद चौरसिया, हरिश्चंद्र वर्मा ने भी भजन प्रस्तुत किए, वहीं अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने अंधविश्वास समाप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लखलाल, चंदन अनुरागी, पूरनलाल, पप्पू सेन आदि कबीरी भक्त मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

## राजकुमार बने प्रदेश मुख्य महासचिव

**चित्रकूट।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। बल्दाऊगंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार याज्ञिक को प्रदेश मुख्य महासचिव मनोनीत किया गया है। इनसे अपेक्षा की गई है कि वह संगठन मजबूती के लिए पहल करेंगे। निर्देश दिए हैं कि बुंदेलखंड क्षेत्र में इकाई गठित कर महासंघ कार्यालय को सूचित करें। राजकुमार याज्ञिक इसके पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर थे। राजकुमार ने कहा कि किसी भी दिशा में पत्रकारों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्या निराकरण करने में संघर्ष जारी रहेगा। उनके मनोनयन पर जिले के पत्रकारों ने खुशी जाहिर की है।


राजकुमार याज्ञिक।

## पत्नी के मायके से न लौटने पर युवक ने फांसी लगा दी जान

**रामनगर (चित्रकूट)।** रैपुरा थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवक ने पत्नी के मायके से वापस न आने से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार इटहा देवीपुर गांव निवासी राममोहन (24) की शादी करीब आठ महीने पहले मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव की युवती से हुई थी। होली के मौके पर वह पत्नी को लेने ससुराल गया था, लेकिन किसी कारणवश ससुराल पक्ष ने उसे साथ भेजने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि इसी बात से आहत होकर राममोहन घर लौट आया और घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## ग्रामोदय विवि में मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री का हुआ स्वागत

**सीतापुर (चित्रकूट)।** राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर एवं सम्मेलन के उद्घाटन के लिए पहुंचे मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार का ग्रामोदय विवि में स्वागत किया गया। कुलपति प्रो. आलोक चौबे व कुलसचिव प्रो. आंजनेय पांडेय ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति का मूल आधार ज्ञान, कौशल और जीवन मूल्यों की समृद्ध परंपरा है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिये। इस दौरान मनोज अग्निहोत्री, डा. आरपी सिंह, डा. भरत व्यास, साधना पटेल, विनीता जायसवाल, डॉ. अनिल जायसवाल, अपराजित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार, रिपोर्ट

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एसआई मुकेश कुमार सिंह ने पवन पटेल पुत्र रामसुमेर निवासी बोड़ी पोखरी को 200 ग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व घरों से वसूला जाए यूजर चार्ज : एडीएम

### प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने दिए- निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में रविवार को अपर जिलाधिकारी / प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं घरों से स्वच्छता का यूजर चार्ज वसूला जाए। यूजर चार्ज के प्रस्ताव को टैक्स के साथ बोर्ड में पारित कराते हुए अप्रैल माह से लागू कराने के निर्देश दिए।


नगर पालिका में समीक्षा बैठक करते प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सफाई व्यवस्था एवं राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की गई। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में वर्तमान में 313 सफाईकर्मी हैं। मानक के अनुरूप 60 कर्मचारियों की कमी है। इस पर प्रभारी अधिकारी ने निर्देशित किया कि शीघ्र ही इनकी भर्ती कराई जाए। बताया कि नगर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति कूड़ा फेंकते हुए या ढेर लगाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जुर्माना एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी सफाई नायकों को निर्देश दिया गया कि ऐसे व्यक्तियों को चिह्नित कर एक सप्ताह के भीतर सूची तैयार कर दें। कर निरीक्षक राहुल पांडेय एवं उनकी टीम को निर्देशित किया कि प्रतिदिन यूजर चार्ज की वसूली करते हुए मार्च के अंत तक शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूलें।

सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों तथा व्यवसायिक दुकानों/भवनों को चिह्नित कर दो दिन के भीतर सूची दें।

### डेढ़ करोड़ के सापेक्ष वसूले मात्र 26 हजार

- बैठक में यह भी पाया गया कि कर वसूली के लक्ष्य एक करोड़ 54 लाख रुपये के सापेक्ष अभी तक केवल 26 हजार रुपये की ही वसूली हुई है। इस पर अधिशासी अधिकारी एवं कर निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित की जाए तथा आगामी समय में गृह, भवन एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में स्वकर प्रणाली लागू करें।

### आनलाइन कराएं गृहकर वसूली

- क्षेत्र में 1162 घरों का गृहकर आनलाइन पाया गया। उन्होंने कर निरीक्षक को निर्देश दिए कि विस्तारित क्षेत्र के वार्डों का सर्वे कर शीघ्र ही अधिक से अधिक गृहकर ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि आय बढ़ाने के लिए पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ाएं व विज्ञापन के लिए होर्डिंग की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें।

# पहाड़ी थाना को मिली नई चौकी कौहारी

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

- एसपी ने किया लोकार्पण, श्यामदेव सिंह गहमरी होंगे पहले प्रभारी
- एसपी ने कहा, इससे आस-पास की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को थाना पहाड़ी अंतर्गत नवसृजित पुलिस चौकी कौहारी का लोकार्पण किया। इससे इलाके के लगभग सोलह गांव और उनके मजरों को सुरक्षा और सहूलियत होगी। एसपी ने सब इंस्पेक्टर श्यामदेव सिंह गहमरी को इस चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है।

एसपी ने कहा कि जनपद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल के साथ विधिवत् पूजा पाठ के साथ इसका लोकार्पण किया। बाद में एसपी ने नवनिर्मित भवन, कार्यालय कक्ष, अभिलेख कक्ष, आगंतुक कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आशा जताई कि चौकी कौहारी के संचालन से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आमजन को त्वरित एवं सुलभ पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान रविकरन यादव, पूर्व प्रधान राजकरन यादव, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी बृजमोहन यादव, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ शिवआसरे सिंह, मऊ दुर्गविजय सिंह, पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह, सरधुआ राम सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना रीता सिंह, पीआरओ पंकज तिवारी रहे।


एसआई श्यामदेव सिंह को चौकी का दायित्व सौंपते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।

### इन गांवों को होगी सुविधा

- नई चौकी सृजन से पहाड़ी थाना क्षेत्र के उन गांवों के बाशिंदों को सहूलियत होगी, जो दूरदराज में होने से समय से पुलिस पहुंचने की दिक्कत महसूस करते थे। इनमें कौहारी, साईपुर, गढीघाट, सकरौली, ओरा, कहेटा, बारा कादरगंज, बारामाफी, भभौर, मकरी पहरा, रमयापुर आदि लगभग सोलह गांव-मजरे हैं।

### हास्टल, विवेचना भवन का भी किया लोकार्पण

- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना पहाड़ी में नवनिर्मित 32 आवासीय क्षमता के हास्टल, बैरक भवन एवं आधुनिक विवेचना भवन का भी लोकार्पण किया। एसपी ने कहा कि बैरक पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा।


विजयी खिलाड़ियों के साथ अतिथि। अमृत विचार

## एथलेटिक्स में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**चित्रकूट।** फिट इंडिया महिला सप्ताह के अंतर्गत रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का बहुमुखी प्रदर्शन किया। खेलकूद की विभिन्न स्पर्धाओं में अंजली, अदिति, रेशमा, लवली अव्वल रहीं। अपर जिलाधिकारी अरुण यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता की शुरुआत क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंगद सिंह, राजा मिश्रा, अरविंद मोहन, श्यामसुंदर, अख्तर हुसैन का योगदान रहा।

## खेत में मिले नरकंकाल से फैली सनसनी

**सीतापुर।** सीतापुर चौकी क्षेत्र में रविवार को एक सरसों के खेत में नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। नर कंकाल की हालत से यह साफ है कि यह कई दिन पुराना है और किसी पुरुष का है। चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। लोगों ने सीतापुर चौकी पुलिस की सक्रियता पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। कुछ दिन पहले सीतापुर चौकी क्षेत्र में मृत बंदर मिले थे। कुछ दिन पहले चौकी अंतर्गत एक मंदिर के वृद्ध पुजारी को पीटा गया था। इक्का दुक्का चोरी की घटनाएं भी हुईं पर किसी का खुलासा नहीं हुआ। चोरी के मामलों का खुलासा तक नहीं हो रहा। चौकी पुलिस और प्रभारी की कार्यशैली से लोगों में नाराजगी पनप रही है।

# टेट के खिलाफ महासंघ बनाकर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- तुलसी पार्क में हुई बैठक में बनाई गई रणनीति

**अमृत विचार।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। रविवार को तुलसी पार्क में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की जिला इकाई की बैठक में इस संबंध में रणनीति बनाई गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक कमलेश पांडे ने व संचालन हर्ष त्रिपाठी जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल संघ ने किया। सर्वसम्मति में निर्णय लिया गया कि जिस तरह से प्रदेश में महासंघ बना है, जिले में भी सभी संगठनों के साथ महासंघ बनाया जाएगा और इसमें जिलाध्यक्षों को संयोजक, महामंत्री को सहसंयोजक बनाया जाएगा। कमलेश पांडेय ने कहा कि आज जिस तरह से सरकार शिक्षकों, कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रही है, उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


टेट के खिलाफ एकजुटता दिखाते परिषदीय शिक्षक। अमृत विचार

सभी मिलकर संघर्ष करेंगे और जीतेंगे। हर्ष त्रिपाठी ने बताया कि आंदोलन तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में ईमेल व पोस्टकार्ड के माध्यम से ज्ञापन भेजा जाएगा। दूसरे चरण में 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। तीसरे चरण में तीन मई को इको गार्डन से विधानसभा तक मार्च किया जाएगा। अगर तब भी शिक्षकों को राहत नहीं मिली तो मानसून सत्र में संसद का घेराव किया जाएगा।

डॉ. संग्राम सिंह ने कहा कि शिक्षक कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेंगे। राजेश यादव ने नाराजगी जताई कि जिस तरह से नए-नए कानून लाकर शिक्षकों को परेशान किया जाता है, मुंहतोड़ जवाब देंगे। बृजेंद्रकांत मिश्रा ने कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों की मान सम्मान की है। बैठक में शिवसागर मिश्र, विश्वबंधु पांडेय, रामबली वर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, श्यामबाबू त्रिपाठी, भरत मिश्रा, कुशल सिंह, मानवेंद्र मिश्रा, मोतीलाल सिंह, नवनीत निगम, प्रभाकर शुक्ला, राजाराम सिंह, उमेश श्रीवास्तव, अशोक सिंह, सेतुबंधु शुक्ला, दिलीप सिंह, इंद्रसेन यादव, गया प्रसाद आदि विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ब्लाक परिसर में टूटी पाइपलाइन से जलभराव

**मऊ।** मऊ ब्लाक परिसर में जल संस्थान की पाइपलाइन टूट जाने से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। इससे ब्लाक परिसर और रोड पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन से बहने वाला पानी ब्लाक के अंदर जाने वाले रास्ते पर जमा हो जाता है। लगातार जलभराव से सड़क पर एक बड़ा गड्ढा भी बन गया है। आए दिन लोग इस गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं। इस मामले में खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर जल संस्थान के अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र भेजे हैं लेकिन अभी तक टूटी हुई पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। वहीं, जब जल संस्थान के कर्मचारी राजबली सिंह से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने पाइपलाइन में लीकेज होने की बात स्वीकार की।


कार्यक्रम में संबोधित करतीं पूनम। अमृत विचार

## पितृ सत्तात्मक व्यवस्था महिलाओं की प्रगति में बाधा : जिलाध्यक्ष

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनवादी महिला समिति तथा ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क चित्रकूट के तत्वावधान में कार्यालय में गोष्ठी हुई। जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम ने कहा कि आज भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था महिलाओं के मार्ग पर प्रतिरोध के लिए खड़ी रहती है।

उन्होंने कहा कि दहेज दानव, भेदभाव तथा धार्मिक कट्टरता महिलाओं के सशक्तिकरण के रास्ते के अवरोध हैं। आज भी महिलाओं को प्रधानपति एवं प्रमुखपति से जाना जाता है। ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास को बताया। इस दौरान वक्ताओं ने पुराने श्रम कानूनों को निरस्त करके नए श्रम कानूनों को लागू करने, रोजी-रोटी के लिए बनाए गए मनरेगा कानून को बदलकर नई योजना बनाने की बात कही। तय किया गया कि अगर महिला मजदूरों की मजदूरी समय से न दी गई तो जनवादी महिला समिति सड़कों पर उतरेगी। सोमलता, रजनी, हीरामनी, सोनम, ननकी, सीमा, प्रीती, मिथलेश, कैरी रहीं।

## सस्ता इलाज सिर्फ आयुर्वेद से ही संभव : प्रो. चौबे

**सीतापुर चित्रकूट।** शनिवार को उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में परंपरागत वैद्यों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हुआ। ग्रामोदय विवि के कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि सस्ता इलाज सिर्फ आयुर्वेद से ही संभव है।

सम्मेलन की शुरुआत संत सीताशरण, डॉ. चौबे, रामबेटा कुशवाहा, अपराजित शुक्ला, वैद्य राजेंद्र पटेल ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलन से किया। डीआरआई के शोधशाला प्रभारी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वैद्य राजेंद्र पटेल ने बताया कि हमारा कार्य कम दवा, कम पैसे व कम समय में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हरी ताजी औषधियों से लोगों को स्वस्थ रखना है। डॉ. चौबे ने कहा कि सभी युगों में आयुर्वेद का महत्व रहा है।

# शिक्षा ही ऐसी चाबी है जो सभी दरवाजे खोल सकती है : डीएम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बालिका शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसी चाबी है जो सभी दरवाजे खोल सकती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं की सराहना की। कहा कि जब महिला जागरूक होती है तो पूरा समाज जागरूक होता है। महिलाओं को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि नारी सशक्त होती है तो राष्ट्र भी सशक्त होता है। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने कहा कि जहां नारी होती है, वहीं भगवान बसते हैं।


कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य आदि ने विचार रखे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कठपुतली नृत्य और इस अवसर पर दृष्टिबाधित विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों को एक जनपद एक उत्पाद के तहत स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

**समस्याएं** सरधुआ से राजापुर जाने वाली सड़क से निकलना हुआ दूभर

# दावे-वादे दरकिनार, तमाम सड़कों पर गड्ढे बेशुमार

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** शासन और प्रशासन के सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश-आदेश धरातल में खोखले साबित हो रहे हैं। मुख्यालय के साथ कस्बों, गांवों और मजरों की कई सड़कें ऐसी हैं, जिनसे निकलना दूभर है।

ऐसी ही एक सड़क है, जो सरधुआ से राजापुर वाया चित्रकूट धाम मंडल को जोड़ती है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और जलभराव से सड़क तालाब में तब्दील हो रही है। सड़क की जर्जर स्थिति से राहगीरों, वाहनचालकों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों से आयेदिन दुर्घटनाएं होती रही है और सड़क पर गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। इसी रास्ते से छात्र-छात्राएं तथा नौनिहाल बच्चे विद्यालय जाते हैं। तेज रफ्तार वाहनों से बच्चों की यूनीफार्म खराब होती है। बच्चे दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, जिससे आम जनता में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश श्रीवास, शिक्षक बालकृष्ण विश्वकर्मा, मिथलेश कुमार, आलोक सिंह, पवन कुमार, हर्ष सिंह आदि ने बताया कि हल्की बारिश या आसपास के हैंड पंपों से पानी आने के कारण सड़क पर जलभराव हो रहा है जिससे कीचड़ फैल जाता है और आवागमन और भी मुश्किल हो रहा है कई बार बाइक और साइकिल सवार फिसलकर गिर भी चुके हैं। गांववालों का कहना है कि एक माह के अंदर सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो जन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।


यह हाल हो गया है सरधुआ संपर्क मार्ग का। अमृत विचार

### वाहनचालकों को हो रही दिक्कत : हेमंत



गांव सरधुआ के समाजसेवी हेमंत मिश्रा का कहना है कि सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन, ट्रैक्टर-ट्रॉली, मालवाहक वाहन तथा स्कूली बसें गुजरती हैं लेकिन सड़क की खराब हालत से वाहनचालकों को दिक्कत होती है। कई स्थानों पर गड्ढों में पानी भरा होने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### लंबे समय से नहीं कराई गई मरम्मत : वीरव्रत



गांव के वीरव्रत सिंह का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिसके चलते सड़क धीरे-धीरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। हल्की बारिश व घरों के पानी से जलभराव हो जाता है। इससे कीचड़ फैल जाता है और आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है। कई बार बाइक और साइकिल सवार फिसलकर गिर भी चुके हैं और जल निकासी न होने से सड़क पर जल भराव बना रहता है।

### कई गांव-मजरों को जोड़ने वाला मार्ग : सुनीत



गांव के सुनीत सिंह ने बताया कि इसी रास्ते से लोग राजापुर से बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, कौशांबी जनपदों के अलावा आसपास के कस्बों-गांवों के लिए आते-जाते हैं। इसके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। गांव में खांसी, जुकाम, बुखार और मलेरिया जैसी बीमारियां पनप रही हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बहपुर वि०ख० गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 08/03 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 15.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत बहपुर वि0ख0 सरीला** में आमन्त्रित की जाती है। जो **दिनांक 09.03.2026** से **दिनांक 15.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 15.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 15.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत बहपुर वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का शुल्क | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | बासत घर के पास सी0सी0 निर्माण | 3.288 | 6580 | 225+41 | 3 माह |

**अन्य शर्ते-** 1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है। 5. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 6. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 7. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयंकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 8. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है। 10. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा। 11. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत बहपुर वि०ख० गोहाण्ड (हमीरपुर)**

# अमृत विचार

सोमवार, 9 मार्च 2026






तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।

-रूमी, सूफी

## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

# पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर






नवीन गुप्ता

बरेली


भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

## सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।




संजय सिन्हा

वरिष्ठ पत्रकार


पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

-फेसबुक वॉल से

## प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।




रवींद्र त्रिपाठी

शिक्षक


शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।

-नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।

-अभिषेक बनर्जी
टीएमसी नेता



# ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका




नवेद शिकोह

वरिष्ठ पत्रकार


अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

## सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।




सुनील कुमार महला

लेखक


अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव
## आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन

गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।


नूर हिना खान
लेखिका







### सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

### आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।

### हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।



### ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

### सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

### मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

### घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

### ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ-सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

### फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाईलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।

## ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सींस मिले हैं, पर दोनों करीब-करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे-धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं-कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या-क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

***समीक्षक- ब्रज राज नारायण सक्सेना***

## जिंदगी का सफर



# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार

श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।


अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

### निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत: एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता-पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी

काठमांडू, एजेंसी



- तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी
- प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।

## प्रोटोकॉल का उल्लंघन



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को जुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

मियामी, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

## बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

# सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

बीजिंग, एजेंसी



- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

# जदयू में शामिल हुए नीतीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी।इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

### कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौंवी कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

# कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



**मेष** – आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**तुला** – आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**धनु** – आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कर्क** – आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**सिंह** – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कुंभ** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**मीन** – आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23.27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16.11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

# दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

विवाद

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।



“मैं बड़े भाषण देने या जोश भरी अपील करने वालों में से नहीं हूं। लेकिन यह कहना ठीक है कि यहां 1.4 अरब टीम इंडिया के प्रशंसक और बाकी सब के सामने हम थोड़े कम पड़ गए। लेकिन कोई बात नहीं, क्योंकि हमें पता है कि घर पर आपने हमारा समर्थन किया।
–मिचेल सैंटनर, न्यूज़ीलैंड के कप्तान



## हाईलाइट

### यमाल के गोल से बार्सिलोना ने बिलबाओ को हराया

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

### लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे



**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15.21, 20.22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार ‘बुफे’, कई लाजवाब पारियां

## सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का ‘बुफे’ पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था।

15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली।

सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए।

शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### भारत

**255/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।

उन्हें फर्क नहीं पड़ा कि गेंदबाज स्पिनर था (रचिन रविंद्र के खिलाफ तीन छक्के), तेज गेंदबाज था (लॉकी फर्ग्यूसन को तीन छक्के लगाए) या मध्यम गति का गेंदबाज (मैट हेनरी पर भी दो बार छक्के जड़े)। कुछ ही हफ्ते पहले तक टीम से बाहर चल रहे केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2026 टी20 विश्व कप में अपनी पिछली तीन पारियों से इतिहास में जगह बना ली है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की पारी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन की पारी ने उनकी प्रतिभा को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ वही स्कोर बनाकर उन्होंने अपनी बादशाहत पर मुहर लगा दी।

### महाधुनाई

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- 11.3 ओवर में 150 रन बने।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।

### 3000 पुलिसकर्मी लगे सुरक्षा में

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने कहा बंदोबस्त के तहत करीब 3000 पुलिसकर्मी और 1000 होमगार्ड तैनात किये गए हैं। हमने भगदड़ की आशंका से बचने के लिए गेट नंबर एक और दो के पास होल्डिंग क्षेत्रग बनाये हैं। पहली बार मैच के दौरान इसे आजमाया जाएगा।

- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट ने भी तूफानी पारी खेली, उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने ‘लिविन ला विदा लोका’ और ‘द कप ऑफ लाइफ’ से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। ‘प्रिंस ऑफ भांगड़ा’ के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत ‘ओ हो हो हो - ओ हो हो हो’ सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए।

वहीं ‘डांडिया क्वीन’ के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने ‘मारिया’ और ‘ला कोपा डि ला विदा’ के साथ किया।



संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी



## दर्शकों का उत्साह चरम पर, क्रिकेट का बुखार हर तरफ

**अहमदाबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से पहले मानों पूरा शहर क्रिकेट के बुखार की गिरफ्त में है और नरेंद्र मोदी स्टेडियम की ओर जाने वाले हर रास्ते पर ‘जीतेगा भाई जीतेगा, इंडिया वर्ल्ड कप जीतेगा’ का शोर सुनाई दे रहा है। देश भर से क्रिकेटप्रेमियों का जमावड़ा मानों स्टेडियम में लगा है। भारतीय टीम की जर्सी और कैप पहने हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम के बाहर काफी पहले ही से जमा होने लगे।

केरल से आये प्रशंसकों का एक समूह खास तौर पर संजू सैमसन और वरूण चक्रवर्ती के लिये जमा है। केरल से आये मनोज कुमार ने कहा हम यहां केरल से संजू सैमसन और वरूण के लिये आये हैं। वे भारत को विश्व कप दिलाएंगे। यह कठिन मैच होगा। हम पिछली बार आस्ट्रेलिया से हारे थे लेकिन इस बार जीतेंगे।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। स्टेडियम ही नहीं पूरे अहमदाबाद में हर तरफ नीला समुंद्र नजर आ रहा था। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा

**पर्थ, एजेंसी**

- **ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली की शानदार विदाई**
- **मेजबानों के 25 रनों का लक्ष्य बिना विकेट खोए हासिल किया**

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए हालिस कर लिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| भारत | 198 व 149 |
| ऑस्ट्रेलिया | 323 व 28/0 |

## हम टेस्ट में लय बरकरार नहीं रख सके : हरमनप्रीत

**पर्थ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था। उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिंक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है।

**नाराजगी** | डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।





डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।

### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।